26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 25 मई, 2026

अंक- 210 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# आज से नौतपा में तपेगा उत्तर भारत

बिजनौर (चिंगारी)। आसमान से बरसती आग के बीच आज से नौतपा भी शुरू हो गया। इस दौरान गर्मी और तीखे तेवर दिखायेगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 28 तारीख के बाद मौसम में बदलाव की संभावना है। लेकिन अगले तीन दिन गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी ने अपने तेवर और तीखे कर दिए हैं। पहले से ही सामान्य से अधिक चल रहा तापमान अब लोगों की परेशानी का कारण बनता जा रहा है। तेज धूप, गर्म हवाएं और रात में बढ़ती उमस के चलते लोगों को चौबीसों घंटे गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी तीन दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना बेहद कम है। नौतपा के प्रभाव से तापमान में और बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है, जिससे जनजीवन पर व्यापक असर पड़ने की आशंका है।




## महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में

100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234


# बहुत हुई महंगाई की मार पेट्रोल पहुंचा 100 के पार

## 10 दिन में चौथी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली/बिजनौर (एजेंसी/चिंगारी)।** देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी कर दी गई है। तेल कंपनियों ने आज पेट्रोल के दाम में 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 2.71 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। पिछले 10 दिनों में यह चौथी बार है, जब ईंधन की कीमतें बढ़ाई गई हैं। लगातार बढ़ते दामों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रुपये और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। बिजनौर में पेट्रोल 101.74 रुपये लीटर, एक्स्ट्रा प्रीमियर पेट्रोल 110.92 रुपये और डीजल 95.23 रुपये लीटर हो गया है। इससे पहले शनिवार को भी पेट्रोल-डीजल के दाम में 87 से 91 पैसे तक की बढ़ोतरी हुई थी। विशेषज्ञों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, कमजोर होता रुपया और आयात लागत बढ़ने की वजह से तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा है। इसके अलावा रिफाइनिंग मार्जिन में बदलाव का असर भी ईंधन की कीमतों पर पड़ रहा है। लंबे समय तक कीमतें स्थिर रखने के बाद अब सरकारी तेल कंपनियां धीरे-धीरे बढ़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं। यही वजह है कि 10 दिनों के भीतर पेट्रोल और डीजल करीब 5 रुपये प्रति लीटर तक महंगे हो चुके हैं।


RVIT

leading RVITians...

17 YEARS OF QUALITY EDUCATION

ADMISSIONS OPEN 2026

ENGINEERING • PHARMACY MANAGEMENT

2200+ PLACEMENTS IN 17 YEARS | 990+ WORKSHOP TOURS | 85% PLACEMENTS IN 2025-26

MILESTONES

Excellence Awards

Year After Year.







R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY

R V INSTITUTE OF PHARMACY

Bijnor Moradabad Road, Bijnor.



B.TECH.
ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE

POLYTECHNIC
ME, ELECTRONICS, CE

D. PHARM
DIPLOMA IN PHARMACY

B. PHARM
BACHELOR OF PHARMACY

BBA
BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION

BCA
BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS

ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE

9756 201 670

9756 201 671

www.rvit.ac.in

info@rvit.ac.in



खुशखबरी! खुशखबरी!

## स्पेशल ईद ऑफर

Ravi Interiors™

A Complete House of Interior

WALLPAPER HUB

ईद के मुबारक त्यौहार पर रवि इंटीरियर्स आपके सपनों के घर को सस्ते में सजाने का आकर्षक ऑफर लाया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. P.V.C. CEILING PANEL | - | 140/- |
| 2. P.V.C. SUPER HEAVY | - | 170/- |
| 3. U.V. ROLL 10x4 F.T. | - | 480/- |
| 4. BLACK LINE FLUTED PANEL 10” | - | 240/- |
| 5. GOLD LINE FLUTED PANEL 12” | - | 350 |
| 6. W.P.C. PANEL 17 M.M. | - | 340/- |
| 7. U.V. SHEET 5D. | - | 2850/- |
| 8. U.V. SHEET 3D. | - | 2350/- |
| 9. U.V. SHEET DIGITAL | - | 2000/- |

* ऑफर 21 मई 2026 से ईद तक लागू!

पता- निकट सेंट मैरी स्कूल, देव हॉस्पिटल के सामने, नजीबाबाद रोड, बिजनौर (उ.प्र.)

मो. 7341126925, 7341126926



admission open

SB COLLEGE

(Approved by BCI) Affiliated to Guru Jambheshwar University, Moradabad

LL.B. (3 Years) B.A.LL.B. (5 Years)

6th KM Mile Stone, Bijnor Noorpur Road, Near Dharampura Village, Bijnor, UP

Email: sbcollegebijnor@gmail.com 7251999223, 7251999225

# नहीं अंकल.... मैं पापा के साथ ही जाऊंगा!

-अनिल चौधरी

आज का विचार

प्रकृति ने बच्चों को अपने माँ–बाप से अतुलनीय प्यार से भरा है। दु:ख हो, सुख हो, भूख हो, प्यास हो, धूप हो, छांव हो, बच्चे अपने माँ–बाप को नहीं छोड़ते, लेकिन दु:ख ये है कि ज़ब हम बड़े हो जाते हैं, तब कितने लोग अपने माँ–बाप को बेसहारा छोड़ देते हैं। बात एक दिन दोपहर की है, मैं बाइक द्वारा नूरपुर की ओर से बिजनौर आ रहा था। बिजनौर से करीब 4 किलोमीटर पहले पसीने में लथपथ एक 40 वर्षीय व्यक्ति अपनी बाइक सड़क किनारे– किनारे पैदल खींचे चला आ रहा था। उसके पीछे एक करीब आठ वर्षीय बालक पीठ पर अपना बस्ता तथा एक हाथ में एक हेलमेट लिए चल रहा था। देखकर मैं रुका और उस व्यक्ति से पूछा क्या हुआ, बोला बाइक ख़राब हो गयी है। पीछे चल रहे बच्चे को देखकर मैं बोला अभी तो बिजनौर काफी दूर है, इस बच्चे को मैं आगे किसी स्थान पर छोड़ दूंगा ये कहां तक पैदल चलेगा। व्यक्ति कुछ सोचकर बोला नहीं साहब चले जायेंगे। मैंने फिर बोला तो बच्चा बोला नहीं अंकल, मैं अपने पापा के साथ ही जाऊंगा। ये सुनकर मैं चुप रह गया। पसीने में लथपथ बच्चा न धूप देख रहा था और न थकन, उसे बस अपने पापा के साथ चलना था। यही तो है माँ–बाप से प्यार, ईश्वर का दिया हर बच्चे को दैवीय उपहार, लेकिन ज़ब हम बड़े हो जाते हैं, माँ–बाप को हमारी ज़रूरत होती है, तब कितने लोग अपने माँ–बाप से मुंह मोड़ लेते हैं, जबकि कोई भी माँ–बाप अपने बच्चों से मुंह नहीं मोड़ता। आधुनिकीकरण के इस युग में इंसान अंधा होता जा रहा है। काश.... इंसान बच्चों से भी सीख ले तो कोई भी माँ–बाप बुढ़ापे में रोटी, कपड़े आदि के लिए मोहताज न हो।

# कुर्बानी के जानवरों पर नज़र आया महंगाई का असर



**किरतपुर (चिंगारी)।** ईद उल अजहा 28 मई को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां मुस्लिम समाज के लोग बड़े उत्साह के साथ कर रहे हैं। इतवार के बाजार में बकरों, भैंसों, कटड़ों की बिक्री रिकॉर्डतोड़ रही। इस बार जानवरों के दाम पिछले साल के मुकाबले लगभग 30 प्रतिशत ज्यादा बताए जा रहे हैं। आसमान छूती महंगाई का असर बकरा ईद पर कुर्बानी किए जाने वाले जानवरों पर साफ नजर आया। इतवार बाजार में जानवरों के खरीद फरोख्त करने वालों की भीड़ लगी, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के कारण रोड पर जाम लगने की नौबत नहीं आई। भारी वाहनों को पुलिस ने रोड डाइवर्जन करते हुए बिजनौर रोड वीरा कॉम्प्लेक्स के सामने से हाईवे से निकाला। इससे यातायात सुचारु रूप से चलता रहा। बकरा ईद का आखिरी इतवार बाजार होने के कारण करोड़ों रुपए की बिक्री होने का अंदाज लगाया जा रहा है।

# रोटरी क्लब में आई कैम्प लगाया, 71 लोगों ने चैकअप कराया



**हल्दौर (चिंगारी)।** रोटरी क्लब हल्दौर के तत्वावधान में निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से सीडी इंटर कॉलेज में लगाए गए आई कैंप में 71 मरीजों का चैकअप किया गया। कैंप संयोजक जितेंद्र मारवाड़ी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को लगे कैंप में 71 मरीजों का चैकअप किया गया, जिनमें से 36 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए छांटा गया। सभी मरीजों को रविवार को ही ऋषिकेश रवाना कर दिया गया, जहां पर फेंको तकनीक से सभी का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। सभी मरीजों का जाना–आना ऑपरेशन, लेंस, दवाएं, खाना आदि सभी नि:शुल्क रहेगा। निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश की टीम में बबलू, शुभम, सूरज और निशांत आदि का विशेष सहयोग रहा। रोटरी क्लब हल्दौर की ओर से रोटेरियन देवेंद्र रस्तोगी, रोटेरियन अनिल सिंह,रोटेरियन प्रवीण रस्तोगी, रोटेरियन सुरेंद्रपाल सिंह, रोटेरियन अशोक चौहान, रो. अनुज मारवाड़ी, डॉ. हेमचंद राणा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# दर्जनों युवाओं ने किया रक्तदान



**किरतपुर (चिंगारी)।** यशवंती चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सौजन्य से भाकियू (टिकैत) नगर कार्यालय पर मंडल प्रवक्ता आदिल ज़ैदी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दर्जनों युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को गिफ्ट व सर्टिफिकेट दिए गए तथा बताया गया कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर ब्लड सेंटर से रक्त प्राप्त किया जा सकेगा। डॉ. अभिनव कुमार की टीम सलमान अहमद, अमित जोशी, मयंक राजपूत ने रक्त संग्रह किया। कार्यक्रम में भाकियू तहसील अध्यक्ष जयप्रकाश राजपूत, निर्देश राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिपाल, मौ. इरशाद सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। रक्तदान करने वालों में तहसीन अहमद भनेड़ा, इरफान (सराय इम्मा), मौ. फैज़ान, शाहनवाज़, अब्दुल कादिर, मौ. गुलज़ार समेत दर्जनों युवकों ने भाग लेकर समाज सेवा में योगदान दिया।

# कैफ़ ने खुद को ऋतिक बताकर युवती को प्रेमजाल में फांसा

## पुलिस ने गिरफ़्तार कर जेल भेजा

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** एक युवक द्वारा अपनी पहचान छुपाकर गैर सम्प्रदाय की युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया तथा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि हीमपुर दीपा क्षेत्र के गांव सब्दलपुर रेहरा निवासी मौ.कैफ उर्फ रितिक ने अपनी पहचान छिपाकर उसकी पुत्री को शादी का झांसा दिया और उसके साथ गलत कार्य किया। आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में दारानगर गंज निवासी जीशान भी शामिल रहा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी जीशान पुत्र यूनुस निवासी दारानगर गंज को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विकास कुमार, उपनिरीक्षक अनिल कुमार,कांस्टेबल देशपाल सिंह,आकाश तोमर और मनीष कुमार शामिल रहे।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# महान गुरमत समागम में गुरुवाणी कीर्तन से संगत हुई निहाल





**चांदपुर ( चिंगारी )**। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा चांदपुर कमेटी के तत्वावधान में दशम पातशाह गुरु गोविंद सिंह जी के खालसा साजना दिवस को समर्पित महान गुरमत समागम का आयोजन किया गया।

रविवार को हिंदू इंटर कालेज चांदपुर के परिसर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में आयोजित भव्य गुरमत समागम का गुरु के हुकमनामा के उपरांत सुबह दस बजे शुभारंभ हुआ। प्रारंभ में हजूरी रागी चांदपुर, ज्ञानी राजवीर सिंह हजुरी रागी नूरपुर ने गुरुवाणी गान किया। इसके उपरांत दोपहर दो बजे पंथ के विद्वान कीर्तनीय भाई रणजीत सिंह खालसा ढडरियां वाले ने दुख भंजन तेरा नाम और टूटा गंडन हार आदि मधुर गुरुवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरुवाणी गान के दौरान उन्होंने गुरु सिक्खी इतिहास से संगत को सिमरन कराया। गुरुद्वारा कमेटी द्वारा उन्हें गुरु की बख्शीश सरोपा एवं तलवार भेंटकर सम्मानित किया गया। श्री आनंद साहिब के पाठ और अरदास उपरांत शाम पांच बजे समागम का समापन हुआ। इसके उपरांत श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी को आदर सम्मान के साथ सतनाम वाहेगुरु की जयघोष के बीच सुंदर पालकी के द्वारा गुरुद्वारा साहिब ले जाया गया। कीर्तन समागम में जनपद की सभी सिंघ सभाओं के अलावा बाजपुर, रुद्रपुर, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद सहित कई राज्यों और विदेशों से पहुंची हजारों की संख्या में सिख संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका और सरवत के भले की अरदास की तथा समूची संगत ने गुरु का लंगर छका। समागम स्थल के बाहर क्षेत्र के व्यापारियों ने मीठे सरबत से संगत सेवा की।

महान कीर्तन समागम में विशेष रुप से पहुंचे दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनिंदर सिंह सिरसा ने अपने संबोधन में कहा कि सिक्खों का इतिहास कुरबानियों से भरा है। मुगलकाल में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बाबा बंदा बहादुर जी ने जंग लड़ी थी। संबोधन के दौरान उन्होंने बिजनौर सिख संगत की पूर्ण सिक्खी की सराहना की। संबोधन से पहले विद्वान कीर्तनीय रणजीत सिंह खालसा द्वारा उन्हें प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया गया।

## सिक्ख नशा छोड़ गुरु का संत सिपाही बनें – भाई रणजीत सिंह

सिक्ख पंथ के महान कीर्तनीय भाई रणजीत सिंह खालसा ने बिजनौरी सिक्ख संगत की सिक्खी की सराहना करते हुए उनसे शराब छोड़कर गुरु के खालसा के रूप में संत सिपाही बनने को कहा। उन्होंने कहा बिजनौर में सिक्खी साबुत सूरत हैं जिसे देखकर खुशी होती है। पचास प्रतिशत लोग शराब पीते हैं, यह चिंता का विषय है। सिक्ख को शराब, गुटका, तम्बाकू, बीड़ी-सिगरेट का सेवन नहीं करना चाहिए। अगर शराब पीते हो तो सारी पूजा-पाठ व्यर्थ है। नशे का त्याग करो। बच्चों को पढ़ाओ, एक-दूसरे का सहयोग करो, लड़ाई-झगड़ों से बचो, परिवार को खुशहाल बनाओ। गुरु गोबिंद सिंह ने सिक्ख को संत सिपाही का रूप दिया है। जिस तरह सिपाही दूसरों की हिफाजत करता है, उसी तरह माँ-बेटियों की सुरक्षा करनी है, उन्हें सम्मान देना है, बुरी नज़र से नहीं देखना। गुरद्वारे बनाइये, लेकिन राजनीती करने के लिए नहीं, प्रधान बनने के लिए नहीं। कई लोग गुरूद्वारे का प्रधान पद छोड़ना ही नहीं चाहते। गुरु घर सेवा के लिये है, सेवा भाव के साथ करें। सरोपा लेने के लिये नहीं। गुरु का सत्कार मन से करें। हर परिस्थिति में वाहेगुरु का शुक्राना करें।

## इनको किया गया सम्मानित

समागम में पहुंचे भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, जिलाधिकारी जसजीत कौर, एसडीएम चांदपुर नितिन तेवतिया, गोविन्द मित्तल, विवेक यूनिवर्सिटी बिजनौर के चेयरमैन अमित गोयल, पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान, पालिकाध्यक्ष नूरपुर डा.एमपी. सिंह, कमलेश सैनी पूर्व विधायक चांदपुर को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अच्छन सिंह लोहिया, रवेन्द्र सिंह, प्रभु दयाल, प्रेम सिंह, भवानी सिंह, गुरज्ञान सिंह, विजेन्द्र सिंह लोहिया, रिक्की सिंह, पपेन्द्र सिंह, सोनू सिंह, हरजीत सिंह सहित समस्त गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों व सिख संगत का सराहनीय योगदान रहा। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा। समागम में विवेक मेडीकल कालेज की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया गया।

## चिलचिलाती धूप में पीआरडी जवान की बिगड़ी तबीयत, मौत

**मुरादाबाद ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश में आसमान से बरसती आग और भीषण हीटवेव ने अब जान लेना शुरू कर दिया है। मुरादाबाद में रविवार को चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों के बीच ड्यूटी पर तैनात एक प्रांतीय रक्षा दल (पीआरडी) जवान की मौत हो गई। प्रदेश भर में जारी रेड और ऑरेंज अलर्ट के बीच महानगर की सड़कें भट्टी की तरह तप रही हैं, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। प्राप्त विवरण के अनुसार, मुरादाबाद ब्लॉक निवासी 45 वर्षीय पीआरडी जवान किशन स्वरूप सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मधुबनी चौराहे पर सुबह 6 बजे से यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे।

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र ब्रजेश कुमार व उसकी पत्नी सुधा देवी जो मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिये मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे सम्बन्ध विच्छेद कर रही हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी कृत्य व कोई भी लेनदेन करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-हरकली देवी पत्नी स्व. बाबू सिंह, निवासी वी.के. गार्डन के पास शान्ति विहार कालोनी तैमूरपुर, बिजनौर**

Hero
ईद की खुशियों में हीरो बनेगा हमेशा की तरह आपका हमसफ़र
जल्द से जल्द आयें और आकर्षक उपहार के साथ अपनी बाइक घर ले जायें।
आकर्षक उपहार


SPLENDOR+ शुरुआती दाम ₹ 77119*
HF Deluxe शुरुआती दाम-₹ 62105*
नियम शर्तें लागू
5 CRORE + HAPPY SPLENDOR CUSTOMERS
सबसे कम दाम व सबसे सस्ता फाइनेंस
एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।
* कम से कम डाउन पेमेंट
* सबसे कम ब्याज दर
* बिना चेक बुक के फाइनेंस
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी...

## मानवाधिकारों की उपेक्षा

विभिन्न रूपों में मानवाधिकार इस समय सबसे चर्चित मुद्दों में है। पहले गाजा और फिर ईरान पर हमलों ने यह समस्या और बढ़ा दी है। मानवाधिकार शिक्षा के सामने तीन महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं- पहली, समकालीन सभ्यता की विभिन्न दुविधाओं का स्पष्टीकरण; दूसरी- एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक अनुभवों का हस्तांतरण; तीसरी- बदलाव की प्रक्रिया में तेजी। समकालीन सभ्यता के सामने कई असमंजस हैं, जो अंतर्विरोधों से पैदा हुए हैं। इसके कारण इस सम्बन्ध में जागरूकता काफी धीमी है, फिर भी पिछली सदी में मानवाधिकार ने जो आंख खोली, वह सिलसिला आज भी जारी है। इसके कई अंतर्विरोध भी हैं। निजी स्तर पर ये अंतर्विरोध निस्वार्थ बनाम स्वार्थ और संस्थागत स्तर पर यह राज्य की शक्ति बनाम प्रजातांत्रिक संस्कृति में निहित है। पिछले 20वीं सदी ने जिसने मनुष्य की गरिमा और स्वतंत्रता में कई ऐसे उतार-चढ़ाव देखे, जो अभूतपूर्व हैं। यह एक ऐसी सदी थी, जिसने औपनिवेशिक दासता के शिकार लोगों की आजादी के लिए लड़ाई देखी। इसी सदी में रूसी-चीनी क्रांति भी हुई। इस सदी ने दो विश्व युद्धों की पीड़ा को भी सहा। इस दौरान जघन्य अपराध, सामूहिक नरसंहार, सामुहिक बलात्कार, आतंकवाद तथा फासिस्टों एवं नाजियों द्वारा क्रूर बल प्रयोग हुए। एटमी एवं रासायनिक हथियारों का कोप भी इस सदी ने भुगता।

21वीं सदी की यह बड़ी दरकार है कि मानवाधिकारवादी शिक्षा और सरोकारों पर जोर बढ़े ताकि मानवता को पिछली सदी में जो कीमत चुकानी पड़ी, वह आगे न चुकानी पड़े। मानवाधिकार शिक्षा की गुंजाइश तथा उसकी उम्मीद इस यकीन से उपजती है कि मनुष्य अपने समाज व साथियों के हित की चिंता करने में सक्षम है। इस विश्वास की जड़ें अन्य मनुष्यों के लिए मनुष्य की स्वाभाविक सामान्य चिंता में निहित है, किंतु इससे भी कहीं अधिक प्रबल आधार कुछ मनुष्यों या समूहों द्वारा अपने समाज व साथियों के कल्याण के लिए किए जाने वाले त्याग में है। मानवीय स्वभाव का यह आयाम इस अर्थ में अधिक महत्वपूर्ण है कि इसने अपने ऐतिहासिक लक्ष्य- मानवीय लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण तथा खुशहाल विश्व के निर्माण के लक्ष्य को पाने का दायित्व पूरा नहीं किया है। एक बेहतर दुनिया बनाने के इस सपने को यूनानियों तथा रोमन दासों द्वारा की गई कोशिशों में देखा जा सकता है। आगे ये कोशिशें आंदोलनात्मक परिणितियों को प्राप्त हुई।

# गंगा स्नान से मिलती है पापों से मुक्ति

## आज गंगा दशहरा पर विशेष

**'गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वति।**
**नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।'**

(हे गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु और कावेरी नदियों! आप सभी इस जल में उपस्थित होकर हमें पवित्र करें)।

आज गंगा दशहरा का पावन पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। गंगा दशहरा का दिन बेहद शुभ और पुण्यदायक माना जाता है। यह पर्व मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण की पावन स्मृति में मनाया जाता है। यह पर्व ज्येष्ठ (जेठ) माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन मां गंगा की आराधना करने से पापों से मुक्ति मिलती है तथा मृत्युपरांत मोक्ष की प्राप्ति होती है। आज गंगा नदी के प्रमुख घाटों पर मेलों का आयोजन हो रहा है।



**गंगा अवतरण की कथा**

युधिष्ठिर ने लोमश ऋषि से पूछा था- हे मुनिवर! राजा भगीरथ किस प्रकार गंगा को पृथ्वी पर लेकर आये थे? लोमश ऋषि ने कहा- इक्ष्वाकु वंश में सगर नामक बहुत ही प्रतापी राजा हुए थे। उन्होंने अपनी दोनों रानियों वैदर्भी और शैव्या के साथ कैलाश पर्वत पर जाकर भगवान शंकर की घोर आराधना की थी। प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने उन्हें वरदान दिया था कि तुम्हारी एक रानी के साठ हजार पुत्र होंगे तथा दूसरी रानी से तुम्हारा वंश चलाने वाला एक ही पुत्र होगा। समय बीतने पर शैव्या ने असमंज नामक एक अत्यन्त रूपवान पुत्र को जन्म दिया, जबकि वैदर्भी के गर्भ से उत्पन्न तुम्बी से साठ हजार पुत्र निकले। असमंज का अंशुमान नामक पुत्र पैदा हुआ। असमंज अत्यन्त दुष्ट प्रकृति का था, इसलिये राजा सगर ने उसे देश से निष्कासित कर दिया। बाद में राजा सगर ने अश्वमेघ यज्ञ करने की दीक्षा ली। यज्ञ के श्यामकर्ण घोड़े के पीछे राजा सगर के साठ हजार पुत्र अपनी सेना के साथ चलने लगे। इस यज्ञ से भयभीत होकर देवराज इन्द्र ने घोड़े को चुरा लिया तथा कपिल मुनि के आश्रम में बांध दिया। ध्यानमग्न कपिल मुनि को इस बात का पता नहीं लगा। घोड़े को ढूंढते हुए राजा सगर के पुत्र वहां पहुंचे, तो अनजाने में कपिल मुनि को कटुवचन सुनाने शुरू कर दिये। इससे कुपित होकर कपिल मुनि ने राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को अपनी क्रोधाग्नि से भस्म कर दिया। यह समाचार मिलने पर राजा सगर ने अपने पौत्र अंशुमान को बुलाकर कपिल मुनि से क्षमा प्रार्थना कर घोड़े को लाने के लिये कहा। अंशुमान की प्रार्थना और मृदु व्यवहार से प्रसन्न होकर कपिल मुनि ने घोड़ा लौटा दिया तथा पूछने पर भस्म किये गये लोगों के उद्धार का मार्ग बताया।



अंशुमान ने घोड़ा लाकर अश्वमेघ यज्ञ तो पूर्ण करा दिया, मगर पहले राजा सगर, फिर उनके पौत्र अंशुमान, फिर अंशुमान के पुत्र दिलीप गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर लाने में सफल नहीं हो सके। अंततः दिलीप के पुत्र भगीरथ की तपस्या से गंगा जी प्रसन्न हुईं और उनसे वरदान मांगने को कहा। भगीरथ ने हाथ जोड़कर मां गंगा से उनके साठ हजार पुरखों के उद्धार हेतु पृथ्वी पर अवतरित होने की प्रार्थना की। मां गंगा ने भगीरथ से कहा कि वे गंगा पर अवश्य आयेंगी, मगर उनके वेग को भगवान शंकर के अतिरिक्त और कोई सहन नहीं कर सकता है, इसलिये वे पहले उन्हें प्रसन्न करें। भगीरथ ने भगवान शिव की घोर तपस्या की। प्रसन्न होकर शिवजी हिमालय के शिखर पर गंगा के वेग को रोकने के लिये खड़े हो गये। गंगा जी स्वर्ग से सीधे शिवजी की जटाओं पर गिरीं। इसके बाद भगीरथ गंगा जी को अपने पीछे- पीछे पूर्वजों की अस्थियों तक ले गये, जिससे उनके पूर्वजों का उद्धार हुआ।

**'गंगा गंगेति यो ब्रूयात योजनानां शतैरपि।**
**मुच्यते सर्व पापेभ्यो विष्णुलोके स गच्छति।'**

(जो मनुष्य सौ योजन (कोसों) दूर से भी 'गंगा-गंगा' नाम लेता है, वह समस्त पापों से मुक्त होकर भगवान विष्णु के लोक अर्थात विष्णुलोक को प्राप्त करता है)।

**- रुकन राजपूत**
**नांगल सोती (बिजनौर)**

# रातोंरात बाग काटकर कॉलोनियां काट दीं

## वन विभाग की अनुमति पर उठ रहे सवाल?

**-अश्मनी विश्नोई**

**स्योहारा (चिंगारी)।** क्षेत्र में इस वर्ष आम के हजारों हरे-भरे पेड़ काट दिये गये। प्रदेश में मलियाबाद के बाद आम उत्पादन के लिए दूसरे नंबर पर गिने जाने वाला यह इलाका अब अपनी पहचान खोता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग और उद्यान विभाग की मिलीभगत से आम के हरे पेड़ों को 'रोगग्रस्त' बताकर कटान की अनुमति दी जा रही है।



### बागों से कॉलोनी तक

कभी सहसपुर का आम मलियाबाद के आम को टक्कर देता था। मुरादाबाद रोड से गुजरने वाले यात्री आम के बागों को देखकर रुकते थे, सेल्फी लेते थे और छांव में पिकनिक मनाते थे। सहसपुर के पास एक बाग में 90 आम के पेड़ थे। विभागों ने इन्हें रोगग्रस्त बताकर कटवा दिया। अब वहां केवल 15-20 पेड़ बचे हैं और उसी जगह पर कॉलोनी काटी जा रही है।

### कैसे मिलती है परमिशन

एक ठेकेदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एक पेड़ काटने की कुल लागत लगभग 5 हजार रुपये आती है। वन विभाग एक पेड़ की अनुमति के लिए एक हजार रुपये और उद्यान विभाग 'रोगग्रस्त' रिपोर्ट लगाने के लिए एक हजार रुपये लेता है। इसके बाद बाकी पेड़ों की अनुमति मिल जाती है। आरोप है कि परमिट की आड़ में कई बाग रातों-रात साफ कर दिए गए।

### अधिकारी का जवाब

पेड़ों की अनुमति के संबंध में जब डीएफओ से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड देखकर ही बता पाएंगे कि कितनी परमिशन दी गई। दो दिन बीतने के बाद भी आंकड़ा उपलब्ध नहीं कराया गया।

### पर्यावरण पर संकट

स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि इसी गति से कटान जारी रहा तो स्योहारा से आम के बाग पूरी तरह खत्म हो जाएंगे। पहले ही जनपद में सड़कों के चौड़ीकरण के लिए लाखों की संख्या में पेड़ काट दिए गए हैं। अब अवैध कॉलोनियों के कारोबार के चलते बागों में खड़े फलदार पेड़ों पर आरे चलवाए जा रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि जो विभाग पर्यावरण के रक्षक हैं वह चंद रूपयों के लालच में भक्षक बनते जा रहे हैं तो फिर पर्यावरण की रक्षा कौन करेगा?

### फलों के राजा आम पर भी संकट

जनपद में जिस तरह से हरे-भरे आम के बागों का सफाया हो रहा है। कहीं पेड़ों को रोग ग्रस्त बताकर बागों को उजाड़ा जा रहा है, तो कहीं उनकी जड़ों में तेजाब डालकर उन्हें सुखाने का छल किया जा रहा है। अगर इतनी ही तेजी से आम के बागों का सफाया होता रहा तो फिर एक दिन फलों का राजा आम केवल किताबों में इतिहास बनकर रह जाएगा।

# जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा को लेकर जैन समाज ने निकाला मौन जुलूस

## विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी जुलूस में शामिल हुये



मौन जुलूस निकालते हुए जैन समाज और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता।

**बिजनौर ( चिंगारी )**। श्री दिगम्बर जैन समाज के पदाधिकारियों ने जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा को लेकर तीव्र रोष व्यक्त करते हुए जिला मुख्यालय पर मौन जुलूस निकाला और डीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मध्य प्रदेश के रीवा में कथित दुर्घटना में दो जैन साध्वियों की मौत की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। मौन जुलूस बिजनौर जैन समाज के अध्यक्ष आशीष जैन के नेतृत्व में जैन मंदिर से शुरू हुआ। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जैन समाज को समर्थन देते हुए जुलूस में भाग लिया। इस दौरान जैन समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि जैन साधु-संत नि:स्वार्थ, अहिंसक एवं पैदल भ्रमण करने वाला जीवन व्यतीत करते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए। ज्ञापन में रीवा की घटना की एसआईटी अथवा न्यायिक जांच कराए जाने, सीसीटीवी फुटेज एवं डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। इसके अलावा जैन समाज ने संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहायता बढ़ाने, यातायात नियंत्रण एवं चेतावनी संकेतक लगाने की मांग भी रखी। साथ ही भारत सरकार से पैदल भ्रमण करने वाले जैन संतों के लिए राष्ट्रीय स्तर की सुरक्षा नीति एवं दिशा-निर्देश लागू करने का अनुरोध किया गया है। जैन समाज के लोगों ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को गंभीरता से प्रभावी कदम उठाने चाहिए। जुलूस में सुमित जैन, अशोक कुमार जैन भट्टे वाले, शोभित कुमार जैन, प्रदीप जैन, अमित जैन, मुकेश जैन, अनिता जैन अध्यक्ष महिला जैन मिलन, दीपाली जैन, ऋतु जैन परिधान, कमलेश जैन, नीता जैन जितेंद्र चौधरी, मनोज शर्मा, पीयूष मित्तल, प्रशांत महर्षि, भूदेव चौहान आदि शामिल रहे।

**जैन समाज के विरोध प्रदर्शन सम्बंधी खबरें अन्य पृष्ठों पर भी**


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए जैन समाज के लोग।

## चिकित्सा शिविर आयोजित किया



**चंदक ( चिंगारी )**। संजीवनी क्लिनिक चंदक पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की गई एवं नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। कैंप में भोला हॉस्पिटल बिजनौर से नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विभु शर्मा व स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नेहा त्रिपाठी के द्वारा बच्चों और महिला रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां दीं। इसके अलावा डॉक्टर अभिजीत भारद्वाज एवं निशांक कुमार द्वारा विभिन्न रोगों की जांच की गई एवं दवाइयां वितरित की गईं। कैंप में लगभग 200 मरीजों को नि:शुल्क ओपीडी एवं दवाइयां दी गईं।

## व्यापारियों ने कैम्प लगाकर ठंडे शर्बत का वितरण किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने भयंकर गर्मी को देखते हुए हरिद्वार रोड स्थित टैम्पू अड्डे पर आलोक अग्रवाल की दुकान पर यात्रियों के लिए कैम्प लगाकर ठंडे शर्बत का वितरण किया। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल, नगर संरक्षक अनिल गर्ग, नगर अध्यक्ष कमल बंधु, नगर महामंत्री अनुज अग्रवाल, नगर मंत्री मोहम्मद आदिल, नगर कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, इकाई अध्यक्ष अनुज अग्रवाल आदि व्यापारी ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जल्दी ही मछली बाजार एवं चौक बाजार में भी कैम्प लगाकर गर्मी में प्यासों की प्यास बुझाने के लिए ठंडे शर्बत का वितरण किया जाएगा।



# विद्युत कटौती से आजिज आकर बिजलीघर पर धावा बोला

## कर्मचारी गेट पर ताला लगाकर रफूचक्कर

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )**। विद्युत विभाग की उदासीनता व लापरवाही के चलते क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने किसान संगठनों के बैनर तले विद्युत उपकेंद्र पर अपनी मांगों को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उपकेंद्र पर मौजूद कर्मचारी गेट पर ताला लगाकर वहा से रफूचक्क र हो गये। ग्रामीणों की मांग है कि क्षेत्र में हो रही विद्युत सप्लाई में सुधार के साथ-साथ नये लाइनमैन की नियुक्ति की जाए।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के चांदपुर-हल्दौर मार्ग स्थित उपकेंद्र सिसोना पर रविवार को किसान-मजदूर संगठन तथा क्षेत्रवासियों ने जोरदार धरना प्रदर्शन कर विद्युत विभाग पर अनियमिता के आरोप लगाए। क्षेत्रवासी का कहना है कि पिछले लंबे समय से अत्यधिक बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। विद्युत विभाग की घोर उदासीनता के कारण स्थानीय नागरिकों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। कई जगह विद्युत लाइन जर्जर हालत में है। रात्रि में लाइन में फाल्ट होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपकेंद्र पर तैनात कुछ संविदाकर्मी इस्तीफा देकर चले गए हैं। उपकेंद्र पर कुछ ही कर्मचारी रह गए हैं। क्षेत्र में कहीं लाइन में फाल्ट हो जाये उसे जोड़ने वाला कोई लाइनमैन आसानी से नहीं मिल पाता है। इसी दशा में क्षेत्रवासियों को नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। दर्जनों गांव की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। चौधरी आदित्यवीर सिंह व अन्य किसान संगठनों के किसान नेताओं का कहना है कि बेहद खेद का विषय है कि जनता की समस्याओं को सुनने के बजाय उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारी गेट में ताला लगाकर मौके से फरार (रफूचक्कर) हो गए। कर्मचारियों का यह रवैया उनकी घोर लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को दर्शाता है।



### क्षेत्रवासियों की मांगें

क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए और रोस्टर के अनुसार बिजली दी जाए। नये, कर्मठ और जिम्मेदार लाइनमैनों की नियुक्ति जल्द से जल्द की जाए। आज ड्यूटी से नदारद रहने वाले दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई हो। यदि विद्युत विभाग के आला अधिकारी द्वारा जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए, तो इस दशा में क्षेत्रवासी मुख्यालय पर आंदोलन करने के लिए विवश होंगे, जिसकी जवाबदेही विद्युत विभाग की होगी।

### सर्किल इंचार्ज को घंटों धूप में बैठाया

धरना स्थल पर पहुंचे संविदाकर्मी सर्किल इंचार्ज नीरज कुमार को किसानों ने विरोध स्वरूप घंटों धूप में बैठाए रखा। अधीक्षण अभियंता बिजनौर से किसान नेताओं की फोन पर वार्ता हुई, जिसमें दो लाइनमैनों की तत्काल नियुक्ति तथा उपकेंद्र पर तैनात जेई राजकुमार की जगह जई गौतम कुमार को चार्ज के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ ।

### इनकी मौजूदगी रही

धरना प्रदर्शन में किसान,मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश लांबा, युवा जिला अध्यक्ष अनेश कुमार, जगत सिंह, आदित्यवीर सिंह, पंकज कुमार, समीर, लटूर सिंह, मुन्नू सिंह, मुसर्रफ अली, पप्पू, शाबाश अहमद, जितेंद्र, आकिब रजा, कपिल त्यागी, शादिक सिद्दीकी, जसपाल सिंह, वेदपाल,राहुल, संजीव कुमार, ओमवीर पहलवान सहित सैकड़ो क्षेत्रवासियों की मौजूदगी रही।

**जेई गौतम कुमार का कहना है कि फोन पर उन्हें सिसोना उपकेंद्र के लिए आदेशित किया गया है। इससे पहले वह हल्दौर में तैनात थे। वह क्षेत्र में हो रही विद्युत सप्लाई समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास करेंगे।**

# 'बंधन रंग महोत्सव' में बिखरे गीत, संगीत के रंग



कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए पूर्व सांसद यशवंत सिंह।



फीमेल मॉडलिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए युवतियां।

**धामपुर ( चिंगारी )।** शुभम मंडप में बंधन सांस्कृतिक सामाजिक समिति द्वारा एक दिवसीय 'बंधन रंग महोत्सव 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नृत्य, गायन एवं वेषभूषा आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, नितिन सैनी, एसपी सलूजा, दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन आदि अतिथियों द्वारा नटराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियो को संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में नृत्य प्रतियोगिता में डांस प्लस प्रो से पर्व मिश्रा, गायन प्रतियोगिता में नोएडा से अतुल ठाकुर, वेशभूषा प्रतियोगिता में नजीबाबाद से तेजस्वी दीक्षित नौलख रहे। जिन्हे स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बिजनौर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, हरिद्वार, कोतवाली, शेरकोट, धामपुर, नहटौर, चंदौसी, सितारगंज, रूद्रपुर, पीलीभीत हिमाचल, दिल्ली, आदि स्थानों से आए बच्चों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में गायन प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में प्रथम चंदौसी से जुनैद साबरी, द्वितीय पुरैनी से स्नेहा प्रजापति, तृतीय धामपुर से आद्या अग्रवाल रहे। सीनियर वर्ग में प्रथम चंदौसी से शान वारसी, द्वितीय धामपुर से मंदीप लकरा, तृतीय धामपुर के जमन रहे। मॉडलिंग प्रतियोगिता में किड्स कैटेगरी में प्रथम हरिद्वार से अनन्या चौहान व स्योहारा से सिद्धि रस्तौगी, द्वितीय हरिद्वार से अरनव नेगी, तृतीय कनिष्का रही। मेल मॉडलिंग में प्रथम धामपुर से निखिल, द्वितीय आशु गोस्वामी, तृतीय धामपुर से जुबैर, फीमेल मॉडलिंग में प्रथम नजीबाबाद से माही राजपूत, द्वितीय नूरपुर से आराध्या चौधरी, व तृतीय स्योहारा से अंजलि रहे। नृत्य प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग मे प्रथम हरिद्वार से अरनव नेगी, द्वितीय सितारगंज से माही, तृतीय नहटौर से कर्तव्य, जूनियर वर्ग में प्रथम नजीबाबाद की शुभी, द्वितीय सितारगंज की नवीन, तृतीय नजीबाबाद के कृष्णा रहे। सीनियर वर्ग में प्रथम दिल्ली से अभिषेक पॉपर, द्वितीय रूद्रपुर से हरदेव दास, तृतीय हल्द्वानी से हिमांशू पॉप, डुईट और ग्रुप डांस में प्रथम सितारगंज के एसडीएस ग्रुप, द्वितीय हरिद्वार से रवि नतासा, तृतीय रूद्रपुर से सॉल मेट्स रहे। सुपर मॉम कैटेगरी में प्रथम मुरादाबाद की तान्या शैरोन, द्वितीय धामपुर से ऋतु विश्नोई, तृतीय धामपुर से प्रगति शरण रही। इस दौरान रोहित गौतम, बबीता गुप्ता, मीनू सिसौदिया, हिमांशु विश्वास, धर्मेंद्र सैनी, सुगम जैन, सतवंत सिंह सलूजा, जितेंद्र गोयल, राजू गुप्ता, मयंक अग्रवाल, सुरेंद्र सैनी, विपिन गुप्ता आदि लोग मोजूद रहे। कार्यक्रम में नजीबाबाद से अमन व शहनवाज, धामपुर से पवन कृष्णा, सुनिधि वालिया, रोमियो मयूर, प्रीति चौधरी, चंदौसी से आसिम हरिद्वार से रवि थापा, नूरपुर से अजय सिंह, मुरादाबाद से शैरोन, कोतवाली से विशाल त्यागी, स्योहारा से मीनू कुश रस्तौगी, हल्दौर से कंचन चौहान, सितारगंज से सोनू मंडल आदि को विशेष सहयोग के लिए संस्था की ओर से सम्मानित किया गया।

### इनका सहयोग रहा

**कार्यक्रम को सफल बनाने में मानक चौहान, मानविका चौधरी, अनमोल गोस्वामी, अनन्या चौधरी, सरोज शर्मा, नीरज सैनी, राजा सैनी आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन संस्था के डायरेक्टर सुमित शर्मा द्वारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष राकेश चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।**

## सामूहिक पूजन कार्यक्रम के दौरान, गणमान्यों का किया सम्मान

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला वाड़वान में आयोजित सामूहिक पूजन कार्यक्रम मैं श्रद्धालु परिवारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम मे प्रदेश सरकार के पूर्व परिवहन राज्य मंत्री एवं वर्तमान विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजू गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्रांतीय पार्षद भूपेंद्र सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता उदित कुमार जैन उपस्थित रहे। इन सभी अतिथियों को कार्यक्रम के मुख्य संयोजक नरेश कैटर्स की ओर से पटके पहनाकर विशेष सम्मान भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से हुआ जिसके मुख्य यजमान नरेश सैनी कैटर्स एवं उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी सैनी, रोहन सैनी, यश सैनी एवं राधिका सैनी रहे। सामूहिक पूजन के बाद आराध्य देव एवं इष्ट देव को भोग लगाने के बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में सत्य नारायण अग्रवाल एवं शैल अग्रवाल, गजेंद्र सिंह चौहान एवं बबीता रानी चौहान, अशोक बिश्नोई, अंकित सैनी, सुरेश कुमार गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, अनिल कुमार सैनी आदि अनेक प्रतिष्ठित परिवार शामिल रहे।

## पृथ्वी को श्रृंगार विहीन होने से बचायें : हरि चैतन्यपुरी



पौधारोपण करते हुए स्वामी हरि चैतन्य पुरी जी महाराज।

**धामपुर (चिंगारी)।** श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सभी का पुनीत कर्तव्य है। वह कल धामपुर आगमन पर भक्तों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग व समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर हो रही भयानक प्राकृतिक आपदाओं का कारण पर्यावरण का विकृत होता स्वरूप ही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते यदि हम जागरूक ना हुए तो भविष्य में होने वाले विनाशकारी दुष्परिणामों को भोगने के लिए हमें मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी भगवान शिव के अभिषेक, पूजन, वंदन व व्रत इत्यादि के साथ-साथ सघन वृक्षारोपण भी करें। भगवान शिव का ही एक स्वरूप है वृक्ष। जैसे भगवान शिव ने सारी दुनिया को अमृत बांटा व स्वयं हलाहल विष का पान किया। वृक्ष भी सभी को ऑक्सीजन का अमृत बांट रहे हैं व स्वयं कार्बन डाइऑक्साइड लेकर विष का पान कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि वृक्ष और शिव एक समान, दें अमृत करते विषपान। उन्होंने कहा कि प्रकृति माँ को श्रृंगार विहीन होने से बचाएं। पृथ्वी मां के श्रृंगार हैं वृक्ष। प्रकृति हमारी जन्मदात्री मां से भी अधिक हमारी रक्षा करती है, परंतु प्रकृति के नियमानुसार यदि हम नहीं रह कर उससे खिलवाड़ करेंगे तो यह रक्षक होने के बजाय हमारी भक्षक भी बन सकती है। आए दिन जहां तहां बाढ़, भूकंप, सूखा, प्राकृतिक अन्यान्य विपदाएं हमारी प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही परिणाम रहा है।

## सांसद चन्द्रशेखर ने वृद्धावस्था पेंशन के नये नियमों को वापस लेने की मांग की



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन योजना से जुड़े नए नियमों को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए अपने पोस्ट में सांसद ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा जारी संशोधित आदेश के कारण गरीब और असहाय बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सांसद ने अपने पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना गरीब और जरूरतमंद बुजुर्गों के सहारे के लिए बनाई गई थी, लेकिन नए प्रावधानों ने इसे बुजुर्गों के लिए परेशानी का कारण बना दिया है। उन्होंने दावा किया कि 14 मार्च 2026 को जारी संशोधित शासनादेश के तहत वृद्धावस्था पेंशन के लिए आधार कार्ड को जन्म और आयु प्रमाण के रूप में मान्यता नहीं दी जा रही है, जिसके चलते बुजुर्गों से परिवार रजिस्टर की प्रति या शैक्षिक प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज मांगे जा रहे हैं।

सांसद के अनुसार, इस प्रक्रिया के कारण लाखों बुजुर्ग समाज कल्याण विभाग और सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कई बुजुर्ग चलने-फिरने में असमर्थ हैं, इसके बावजूद उन्हें दस्तावेजों के लिए परेशान किया जा रहा है। सांसद ने इसे बुजुर्गों के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा मुद्दा बताते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। अपने पोस्ट में सांसद ने उत्तर प्रदेश सरकार से इस आदेश को वापस लेने, आधार कार्ड को आयु प्रमाण के रूप में मान्यता देने और रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन को बिना देरी जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पेंशन कोई एहसान नहीं, बल्कि बुजुर्गों का अधिकार है।

# कपड़ा व्यापारी की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग

## बाल-बाल बचे पिता-पुत्र

**धामपुर ( चिंगारी )।** बीती रात गांव कनखेड़ी निवासी एक कपड़ा व्यापारी और उनके पुत्र की कार पर बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी जिससे अफरा तफरी मच गई। बताया जाता है कि बदमाशों ने कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए उनके घर तक पीछा किया। हमले में पिता-पुत्र बाल बाल बच गए, लेकिन कार का पिछला शीशा चकनाचूर हो गया और कार के पीछे लगे गोलियों के निशान देखे गए। थाना क्षेत्र के गांव कनखेड़ी निवासी फहीमुद्दीन अंसारी अपने पुत्र नौमान अहमद के साथ कार में सवार होकर कोतवाली देहात से अपनी कपड़े की दुकान बंद करके रविवार की देर शाम घर के लिए चले। फहीमुद्दीन का आरोप है कि जब वह गांव कश्मीरी के पास मोड़ पर आए तो दो बाइक सवारों ने उनकी कार पर फायरिंग कर दी। उन्होंने कार को तेजी से भगाया और गांव के संपर्क मार्ग की तरफ दौड़ा कर अपने घर तक पहुंच गए। आरोप है कि बाइक सवार अज्ञात लोगों ने उनका घर तक पीछा करते हुए कार पर फायरिंग की, जिसमें कार का पिछला शीशा टूट गया। गनीमत रही कि फायरिंग में पिता पुत्र बाल-बाल बच गए। उन्होंने देर रात कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। फहीमुद्दीन कनखेड़ी के ग्राम प्रधान शाहनवाज अंसारी के चाचा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# ड्रंक एंड ड्राइविंग व नियम उल्लंघन पर चला अभियान

## यातायात पुलिस ने 67 वाहनों के चालान किए, बिना नंबर प्लेट कार सीज



**बिजनौर ( चिंगारी )।** यातायात निदेशालय लखनऊ के निर्देश पर ड्रंक एंड ड्राइविंग, ध्वनि प्रदूषण और बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) वाले वाहनों के खिलाफ चलाए गए दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस बिजनौर ने व्यापक कार्रवाई की। अभियान के दौरान 67 वाहन चालकों के चालान किए गए, जबकि एक बिना नंबर प्लेट कार को सीज कर थाना नगीना में निरुद्ध कराया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशन में 23 और 24 मई को यातायात पुलिस, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद, स्थानीय पुलिस और सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय की संयुक्त टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित भनेड़ा टोल प्लाजा और पुरैनी टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ड्रक एंड ड्राइविंग करने वाले 67 वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। इसके अलावा 27 वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर, 21 वाहनों में प्रेशर हॉर्न और 54 वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं और यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

# असपा में शामिल हुये आयुष चौहान

## सांसद चन्द्रशेखर के दिल्ली आवास पर की सदस्यता ग्रहण



आयुष चौहान को पटका पहनाते हुये सांसद चन्द्रशेखर।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व मंत्री ठाकुर यशपाल सिंह के सुपुत्र आयुष चौहान आज विधिवत रूप से आजाद समाज पार्टी में शामिल हो गये। आयुष ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आज दोपहर नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर के दिल्ली आवास पर असपा की सदस्यता ग्रहण की। सांसद चन्द्रशेखर ने नीला पटका पहनाकर उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर आयुष चौहान ने सांसद चन्द्रशेखर को महाराणा प्रताप का चित्र भेंट किया। आयुष चौहान ने बताया कि आज नूरपुर में असपा का विशाल भाईचारा सम्मेलन होना था, जिसे प्रधानमंत्री ईंधन बचाने की अपील के चलते रद्द कर दिल्ली में सादगीपूर्ण ढंग से असपा मे शामिल हुये।

# दलित छात्रा के उत्पीड़न को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़िता को सुरक्षा देने की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद की दलित छात्रा के साथ कथित अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और अमानवीय यातनाएं देने के मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। कांग्रेस कार्यालय पर इकट्ठा हुए कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि नीट की तैयारी कर रही छात्रा का कोचिंग से लौटते समय अपहरण कर 16 दिनों तक प्रयागराज में बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। आरोपियों द्वारा छात्रा को सिगरेट से जलाकर अमानवीय यातनाएं देने और जबरन शादी कराने के प्रयास जैसी घटनाओं ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस नेताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पार्टी पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। ज्ञापन में मांग की गई कि घटना में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए तथा पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा एवं समुचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार को घेरा। प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों का नेतृत्व जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह, हमायूँ बैग, मीनू गोयल, चितवन शर्मा,योगेंद्र कुमार विक्रम सिंह एड., जाफर हसनैन गुड्डू व हाजी नसीम आदि ने किया।

# पिंकी की हत्या में दो और गिरफ्तार

## पुलिस ने हत्या के दो आरोपी जेल भेजे



**स्योहारा ( चिंगारी )। पुलिस ने ग्राम बैरखेड़ा में एक महिला की हत्या कर शव को राम गंगा के किनारे अंतिम संस्कार कर देने के आरोपी जोगिंदर पुत्र हीरा, धर्मेंद्र पुत्र हीरा को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि इस संबंध में सुनील पुत्र हीरा का पुलिस पहले ही अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में चालान कर चुकी है। इन तीनों ने मिलकर सुनील की पत्नी पिंकी की हत्या की थी और रामगंगा के किनारे शव को जला दिया था। इस संबंध में ग्राम अनवरपुर चण्डिका थाना अफजलगढ़ निवासी सतवीर सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह ने अपनी बहन की हत्या का अभियोग थाने में पंजीकृत कराया था।**

# बिजनौर के डा. रोहन भटनागर स्वर्ण पदक से सम्मानित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय होली लेन कालोनी निवासी सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा. ए. के. भटनागर के पौत्र डा. रोहन भटनागर को भारत सरकार के आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा 23 मई 2026 को आयोजित दीक्षांत समारोह में नेत्र विज्ञान में विशेष योग्यता प्रमाण-पत्र एवं स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। डा. रोहन भटनागर की इस विशेष उपलब्धि से परिजनों में हर्ष व्याप्त है। डा. रोहन की यह उपलब्धि सभी बिजनौरवासियों के लिये भी गर्व का विषय है। बता दें कि रोहन भटनागर ने मेरठ विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त की। नीट पीजी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से आवंटित सुश्रुत फाउंडेशन तथा रिसर्च संस्थान कोलकाता से उच्च शिक्षा प्राप्त की।

# थाने में मारपीट करने वाले, कानून के हवाले

**स्योहारा ( चिंगारी )।** पुलिस ने शनिवार को थाना परिसर में घुसकर आपस में मारपीट करने, यातायात बाधित करने, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने के आरोपी रोहित पुत्र धनपाल, सौरभ पुत्र रिंकू, राजा, नवीन पुत्र रामपाल, आकाश पुत्र ललित, शुभम पुत्र पप्पू, रोमी पुत्र मनोहर, गौरव पुत्र मनोज को गिरफ्तार कर चालान किया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि बच्चों की लड़ाई को लेकर इन लोगों ने थाना परिसर और ब्लॉक के सामने रोड पर यातायात बाधित किया और एक दूसरे को जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है।

# रीवा में जैन आर्यिकाओं की वाहन से कुचलकर मौत, स्योहारा जैन समाज में रोष



**स्योहारा ( चिंगारी )।** मध्य प्रदेश के रीवा में प्रात:काल विहार पर निकलीं दो जैन आर्यिकाओं की तेज रफ्तार वाहन से कुचलकर हुई निर्मम मौत से स्योहारा सहित पूरे देश के जैन समाज में गहरा आक्रोश है। घटना के विरोध में श्री दिगंबर जैन मंदिर समिति, स्योहारा ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन थाना प्रभारी निरीक्षक को सौंपा। जैन समाज ने दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई और जैन संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। श्री दिगंबर जैन मंदिर समिति, स्योहारा ने शासन-प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए चार सूत्रीय मांग-पत्र सौंपा है, जिसमें कहा गया कि वाहन चालक और घटना के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को तुरंत गिरफ्तार कर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए। पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराकर वास्तविकता सामने लाई जाए और दोषियों को उदाहरणात्मक सजा दी जाए। देशभर में पैदल विहार करने वाले दिगंबर जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केंद्र व राज्य सरकार स्पष्ट दिशा-निर्देश और स्थायी नीति जारी करें। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि जैन संत पूर्ण अहिंसा व्रत का पालन करते हुए नंगे पांव हजारों किलोमीटर पैदल विहार करते हैं। उनके पास आत्मरक्षा का कोई साधन नहीं होता। ऐसे में उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी शासन की है। बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं ने संत समाज की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिये हैं। इस दौरान शोभित जैन, अशोक जैन, अन्नत जैन, संजय जैन, मनीष जैन, निमिष जैन, नीशू जैन, संजीव जैन, आकाश जैन, ऋषभ जैन, संभव जैन, पीयूष जैन आदि रहे।

# किरतपुर के जैन समाज ने भी विरोध में दिया ज्ञापन




**किरतपुर ( चिंगारी )।** मध्य प्रदेश में दो जैन साध्वियों की एक साजिश के तहत रोड एक्सीडेंट में हत्या कर दी गई उसको लेकर स्थानीय जैन समाज ने आज एक ज्ञापन थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी को दिया। आज सुबह 10 बजे स्थानीय जैन समाज के लोग थाने पहुंचे और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। रीवा मध्य प्रदेश में दो जैन साध्वियों की एक साजिश के तहत एक्सीडेंट में हत्या कर दी गई। इस हत्या कांड की निष्पक्ष जांच करने की मांग की और संपूर्ण देश में संत सुरक्षा नीति लागू कर जैन धर्म के धार्मिक स्थान व पैदल बिहार जैन साधु साध्वियों के आवागमन में सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी की। ज्ञापन देने वालों में सुनील जैन अध्यक्ष जैन समाज किरतपुर, अनिल जैन, संजय जैन, शराफ, यतेंद्र, मोहन जैन, आशीष जैन, अविनाश जैन, संजय जैन सीमेंट वाले, नीरज जैन, अरविंद जैन कपड़े वाले आदि शामिल रहे।

# चेयरमैन फ़ैसल के आवास पर स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन



**स्योहारा ( चिंगारी )।** चेयरमैन फैसल वारसी के आवास पर स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। चेयरमैन फैसल वारसी ने बताया कि बढ़ती गर्मी के बीच बिमारी बढ़ रही है ऐसे में नगर में जरूरतमंद लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाओं के लिए कैम्प का आयोजन किया गया है, जिसमें तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी से आए चिकित्सकों द्वारा रोगियों की जांच कर मुफ्त दवा दी जा रही है। इस दौरान चिकित्सकों की टीम में डाक्टर श्वेता यादव, डाक्टर हर्षिता, डाक्टर निष्कर्ष आर्य, आकाश दीप सिंह, मोहम्मद आरिश टीम में सामिल रहे।






# पीडीए के दम पर 2027 में सपा बनाएगी सरकार- रुचि वीरा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नूरपुर रोड स्थित लीला फार्म में आयोजित समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत में जनसैलाब उमड़ आया। मुख्य अतिथि सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने पंचायत को सम्बोधित करते हुए कहा कि सपा हमेशा गरीब, किसान, नौजवान, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों की आवाज रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए ही देश-प्रदेश को नई दिशा देने वाला सबसे मजबूत सामाजिक गठबंधन है। इसके दम पर ही सपा 2027 में सरकार बनाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिशन 2027 को लेकर अभी से बूथ स्तर तक मजबूती के साथ जुट जाने का आह्वान किया। पंचायत में उमड़ी भीड़ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रुचि वीरा ने कहा कि जनपद में पीडीए कार्यक्रमों में अक्सर मुस्लिम समाज की अधिक भागीदारी देखने को मिलती है, लेकिन इस कार्यक्रम में आयोजक मंसाराम सैनी की मेहनत से हिंदू पिछड़े वर्ग के लोगों की भारी मौजूदगी रही। पंचायत की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने की, जबकि संचालन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद सैनी ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान, विधायक रामअवतार सैनी, पूर्व सांसद यशवीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश तोमर मौजूद रहे। कार्यक्रम को सभी अतिथियों व जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव, खुशनुद खां, प्रभा चौधरी, मदन सैनी, दिनेश चौधरी, अखलाक पप्पू, शहजाद अंसारी, लक्ष्मी वर्मा, बीके कश्यप, तरुण लंबा, सतपाल सिंह, अनुज मलिक, महमूद कस्सार, वकार राइन, शोएब भूरा, राजेश गोयल, संजय पाल, नमन प्रधान, सुरेंद्र वाल्मीकि, कृपा रानी प्रजापति, आसिफ अंसारी, नसीब राना, मनोज राजपूत, डॉ. शहबाज, डॉ. योगेंद्र चौधरी, नवनीत राणा, डीआर राजपाल विश्वकर्मा, मुदित त्यागी, ठाकुर योगेंद्र सिंह चौहान, जुल्फिकार कुरैशी, देव आनंद भूय्यार, मोबिन खान, दानिश अखलाक, आबिद खान, शैलेंद्र चौहान, नवेद राशिद, अहमद खिजर खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### विधायक कार्यक्रम बीच में छोड़कर चले गये

पीडीए पंचायत के दौरान विधायक रामअवतार सैनी के कार्यक्रम बीच में छोड़कर चले जाने को लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी भी देखने को मिली। कुछ कार्यकर्ताओं ने दबी जुबान में कहा कि कार्यक्रम के आयोजक मंसाराम सैनी थे और विधायक नहीं चाहते कि पार्टी में उनके अलावा कोई अन्य सैनी नेता आगे बढ़े।

# कशिश हत्याकांड में गिरफ्तार अंजुम,जेल जाते हुए थी गुमसुम



## कांशीराम कॉलोनी में 21 अप्रैल को हुई कशिश की हत्या में थी शामिल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस ने करीब एक माह पूर्व कांशीराम कालोनी में युवती कशिश की हत्या में शामिल अंजुम नामक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अंजुम की घटना में महत्वपूर्ण भूमिका थी। हत्याकांड में पुलिस आरोपी राहुल को पहले ही जेल भेज चुकी है। मालूम हो कि 21 अप्रैल को कांशीराम कॉलोनी रामलीला ग्राउंड के पास रहने वाली 19 वर्षीय कशिश की उसके ही फ्लैट में घुसकर राहुल ने चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतका की मां शाहीन पत्नी जाकिर निवासी कांशीराम कॉलोनी ने 22 अप्रैल को राहुल पुत्र घनश्याम निवासी गोकुलपुर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस के मुताबिक विवेचना और साक्ष्य संकलन के दौरान अंजुम पत्नी कदर निवासी ब्लॉक नंबर 55, कमरा नंबर 659, कांशीराम कॉलोनी रामलीला ग्राउंड का नाम भी सामने आया था। पुलिस के अनुसार कशिश की हत्या में अंजुम का हाथ था। वह ही राहुल को पल-पल की खबर दे रही थी। पुलिस ने आरोपी अंजुम को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। पकड़ में आई अंजुम जेल जाते हुए गुमसुम थी, वह कुछ भी नहीं बोल रही थी। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि जांच के दौरान हत्या में अंजुम की भूमिका के प्रमाण मिले हैं।

# आधारशिला स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

## इंटर के धैर्य शर्मा को मिस्टर और मनु शर्मा को मिस आधारशिला का खिताब मिला

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आधारशिला स्कूल चांदपुर की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में इंटर व हाईस्कूल के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 12ए के छात्र धैर्य शर्मा को मिस्टर आधारशिला व 12द की छात्रा मनु शर्मा को मिस आधारशिला चुना गया।

यहां पंचवटी उपवन में आयोजित सम्मान समारोह में सत्र 2025- 26 के कक्षा 10 के 30 छात्र छात्राओ आयुष, परिधि भाटिया, आराध्या चौहान, मुकुल चौहान, देवांश स्वरूप सिंघा, गार्गी शर्मा, उन्नति गर्ग, परी, अक्षिता भाटिया, नैतिक गोयल, गौरांशी राजपूत, सांची तोमर, नंदिनी शर्मा, भव्या त्यागी और तनिष्क, रक्षित अशद अतीब, भव्या भाटिया, दीप भाटिया, सूर्यांश अग्रवाल, दीक्षिता दक्ष तरु, सफिया, फाइजा शाहिद, मोहम्मद अब्दुल्ला, अंश तोमर और मनीष कुमार को विद्यालय प्रबंधक ने सम्मानित किया।वहीं, कक्षा 12 में 44 छात्र- छात्राओं धैर्य शर्मा, वैभव आनंद,



अनमोल अरोड़ा, कार्तिक राजपूत, दीप्ति देव आर्यन, अमीषी गुप्ता, शुभ वशिष्ठ , आशिष सैनी, आयुषी जिंदल, रिधिमा पाराशर, हृदयांश चौहान, वैभवी सिंह, रजत सिंह, वैष्णवी लांबा, अभिज्ञा चौहान, शौर्य प्रताप, लायबा अफशीन, तनिष्का, लवि चौधरी, आफिया, हिबा, वंशिका चौधरी, सुहाना, मानस वर्मा, नयनिका त्यागी स्पर्श अग्रवाल मनमीत कौर, महजबी खान, नक्ष शर्मा, श्रेया अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल, मनु शर्मा, मानवी शर्मा, यश राजपूत, अजना खान, रितंभरा, दिव्यांशी अग्रवाल, सुहाना भाटिया, कृतिका कर्णवाल, मनित सिंघल, दीक्षित कुमार, रिद्धि अग्रवाल और माही भोगवाल को विद्यालय प्रबंध तंत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इन सभी होनहार छात्र- छात्राओं को माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने विद्यालय प्रबंधन का पुरस्कार मिलने पर आभार जताया और भविष्य में एक अच्छा नागरिक बनने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल, विशाल कर्णवाल एवं श्रीमती दीप्ती कर्णवाल, श्रीमती उर्वशी कर्णवाल, विकास कर्णवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता शर्मा, उप- प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल- कोऑर्डिनेटर श्रीमती बबीता त्यागी एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस सम्मान समारोह का संचालन विद्यालय के अंग्रेजी प्रवक्ता ब्रजभान सिंह ने किया।



## सिख समाज ने गोविंद मित्तल को सम्मानित किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर में सिख समाज की ओर आयोजित भव्य कार्यक्रम में सिख समाज के लिए हर समय समर्पित रहने वाले समाजसेवी गोविन्द मित्तल (बीकेजी वाले) को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहने वाले गोविन्द मित्तल (बीकेजी) ने गुरुद्वारे के जीर्णोद्वार में भी अपनी ओर से सहयोग दिया था।गुरु सिंह गुरुद्वारा कमेटी चांदपुर के प्रधान अच्छन सिंह लोहिया ने समाजसेवी गोविन्द मित्तल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे सिख समाज के कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है। इस अवसर पर वहां मौजूद सिख समाज के लोगो ने गोविन्द मित्तल की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के समय में इस तरह के व्यक्ति बहुत कम मिलते है।

## अखिलेश यादव से मिले आसिफ असलम

चांदपुर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौ आसिफ़ असलम ने लखनऊ में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आसिफ़ असलम से पार्टी को ओर अधिक मजबूत बनाने के लिए समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरे जी जान से जुट जाने का निर्देश दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने आसिफ़ असलम से उन विधानसभाओं के बारे में भी जानकारी ली,जिन विधानसभाओं की जिम्मेदारी उन्हें दी गई थी।



## महिला को ब्लैकमेल करने वालों को भाजपा से निष्कासित करने की मांग

चांदपुर (चिंगारी)। भाजपा नेताओ द्वारा एक महिला की वीडियो बना कर उसको ब्लैक मेल करने का मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है इसी कड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर महिला को ब्लैक मेल करने वाले पार्टी के दोनों पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही कर उनका निष्कासन किये जाने की मांग की । रविवार को डाक बंगले में हुई बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा पदाधिकारियों की इस हरकत से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। बैठक में पार्टी हाईकमान से पार्टी की छवि धूमिल करने वाले दोनों पदाधिकारियों का निष्कासन किये जाने की मांग की गई। बैठक में कपिल चौधरी, शिवसेना जिला प्रमुख चौ वीर सिंह, नवनीत कुमार, संजय बजरंगी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विजन कॉलेज ने पेयजल शिविर लगाया, राहगीरों को ठंडा जल पिलाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के रायपुर रोड स्थित विजन कॉलेज द्वारा सामाजिक सरोकार व जनसेवा अभियान के अंतर्गत 23 मई को एक सराहनीय पहल की शुरुआत की गई। भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन द्वारा तीन दिवसीय पेयजल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य राहगीरों, श्रमिकों व स्थानीय नागरिकों को इस तपती धूप में शीतल एवं स्वच्छ जल उपलब्ध कराकर राहत पहुंचाना था। कैंप का उद्घाटन विजन कॉलेज के निदेशक डॉ. मौ. अय्यूब, मौ इश्हाक, मुख्य अतिथि उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल अग्रवाल सर्राफ, डॉ. मौ. इल्यास (डॉ. मोनू) एवं अन्य सम्मानित व्यक्तियों द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि कपिल अग्रवाल ने विजन कॉलेज के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तपती गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। कॉलेज के निदेशक डॉ. मौ. अय्यूब ने कहा कि शिक्षा का असली मकसद एक ऐसे संवेदनशील व जागरूक समाज का निर्माण करना है, जो देश की तरक्की के साथ मानवीय मूल्यों को भी समझे। इस मौके पर रईस कुरैशी, धीरज झा, हाजी मौ. अय्यूब, मौ. असलम, शेर अली खान सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारियों ने राहगीरों को शीतल जल पिलाकर सहयोग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुफरान काजी, आयुष डेरेन, कु. मन्तशा जैदी, मौ. अनवर, कु. अनुशा सिद्दीकी, जावेद हमीद, कु. विदुषी, कु. भानु, कु. नन्दनी, छात्रों में मौ. फाइज, मौ. शादान, दानियाल अली जौहर, शेख अब्दुल्लाह, मौ. काशिफ, मौ. अमन, मौ. कैस, सुशील कुमार, धनवती, जगदीश कश्यप आदि का विशेष सहयोग रहा।



कैम्प का शुभारंभ करते व्यापारी नेता कपिल सर्राफ व अन्य।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# नमाज पढ़ने पर किसी प्रकार की रोक नहीं, लेकिन...

## सड़क पर नमाज पढ़ने को लेकर मुख्यमंत्री का बयान



**हल्द्वानी ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी दौरे के दौरान सड़क पर नमाज पढ़ने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नमाज पढ़ने पर किसी प्रकार की रोक नहीं है, लेकिन यह केवल चिन्हित और निर्धारित स्थलों पर ही अदा की जानी चाहिए, ताकि आम लोगों, श्रद्धालुओं और यातायात को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री धामी हल्द्वानी पहुंचे, जहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, चारधाम यात्रा और जन सुविधाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या और यात्रा व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और यात्रा मार्गों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक गतिविधियों से आम जनता को असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है, लेकिन सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर होने वाली गतिविधियों से यातायात और जनजीवन प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा 'नमाज पढ़ने की किसी को मनाही नहीं है, लेकिन यह सुनिश्चित होना चाहिए कि नमाज केवल चिन्हित स्थलों पर ही अदा की जाए।' मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस समय चारधाम यात्रा जारी है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। ऐसे में सरकार की प्राथमिकता यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाए रखना है। उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि उत्तराखंड आने वाला हर श्रद्धालु सकारात्मक अनुभव लेकर लौटे।सीएम धामी के सड़क पर नमाज को लेकर दिए गए बयान के बाद प्रदेश में राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन इस मुद्दे पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। विपक्षी दलों ने बयान पर सवाल उठाए हैं, जबकि भाजपा इसे व्यवस्था और जनहित से जुड़ा मुद्दा बता रही है।

## दून पुलिस चला रही 'आपरेशन प्रहार' शराब पीकर हंगामा करते एक गिरफ्तार



**देहरादून ( चिंगारी )।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जाखन क्षेत्र में शराब के नशे में हंगामा कर यातायात बाधित करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार ट्रैफिक कंट्रोल रूम के माध्यम से चौकी जाखन पुलिस को सूचना मिली कि एक कार चालक जोहड़ी तिराहे पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित कर रहा है। साथ ही वह ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार भी कर रहा है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी जाखन, पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा मौके पर चालक का एल्कोमीटर टेस्ट किया गया, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने कार संख्या एचआर 16 एसी 7177 हौंडा सिटी को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत सीज कर दिया और चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विनय पुत्र सूरज भान, निवासी सेक्टर-13 भिवानी (हरियाणा) बताया। पुलिस द्वारा आरोपी की पत्नी से संपर्क करने पर जानकारी मिली कि आरोपी वर्ष 2021 से मानसिक तनाव से गुजर रहा है और उसका इलाज दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में चल रहा है। पत्नी ने बताया कि वह 21 मई को अपने मायके देहरादून आई थीं और आरोपी भी उनके साथ ससुराल आया था।बताया गया कि तनाव और नशे की हालत में आरोपी घर से निकल गया और बाद में उसने यह हरकत की।

## यह सूखा पेड़ न जाने कब बन जाये दुर्घटना का सबब



**खासपुरा ( चिंगारी )।** नूरपुर -मुरादाबाद मार्ग पर गुरु नानक कॉलोनी स्थित खासपुरा में एक सूखा पेड़ हादसे का कारण बन सकता है। यह पेड़ सड़क किनारे खड़ा है और जर्जर अवस्था में है। राहगीरों और मोहल्ले वासियों ने वन विभाग से इस सूखे पेड़ को तत्काल कटवाने की मांग की है। उनका कहना है कि यह पेड़ कभी भी सड़क पर गिर सकता है, जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बलराम सिंह, सोनू सिंह , शकील अहमद, मो. फज़ल सहित कई स्थानीय राहगीरों ने प्रशासन से इस खतरे को दूर करने का आग्रह किया है। इस संबंध में डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर बिजनौर जय सिंह कुशवाह ने बताया कि नियमानुसार सूखे पेड़ों को कटवाने की कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कालोनी वासियों से इस संबंध में एप्लीकेशन देने को कहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस सूखे पेड़ को भी कटवा दिया जाएगा ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## राहगीरों को शर्बत पिलाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन (रजि.) धामपुर द्वारा कराए गए श्री खाटू श्याम जी के पंचम भव्य आराधना महोत्सव के सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपलक्ष्य में रविवार को पुराना धामपुर की चुंगी के निकट ठंडे रुह शर्बत का वितरण किया गया। भीषण गर्मी और लू के बीच गुजर रहे लोगों ने शीतल शर्बत पीकर राहत महसूस की। श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन (रजि.) धामपुर के सेवादारों में दीपक कुमार टीवीएस, टींकू, नितिन सैनी, अरूण सैनी, गौरव सिंह, सोनू शर्मा, नीरज कुमार, नौबहार सिंह, आकाश राजपूत, ललित कुमार एलआईसी, राजेंद्र सैनी, विपिन कुमार, संजय, अजय राजपूत, दीपक के.के. मौजूद रहे।

## राहगीरों को शरबत पिलाया




**खासपुरा ( चिंगारी )।** लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के बीच सामाजिक संगठनों द्वारा लोगों की राहत के लिए सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को विश्वकर्मा सेवा संगठन ओलियापुर के तत्वावधान में नूरपुर-बिजनौर रोड ओलियापुर बस स्टैंड पर राहगीरों को शरबत वितरित किया गया। दोपहर की तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों और राह से गुजर रहे लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया।

सेवा शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रखे जाएंगे। इस अवसर पर वीरेंद्र शर्मा, विशेष शर्मा, प्रिंस शर्मा, अमित कुमार, मनोज सैनी, बबलू कुमार, निखिल कुमार आदि सेवादार मौजूद रहे।

# 28 को देहरादून आयेंगे नितिन नवीन भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों में लीन

**देहरादून ( चिंगारी )।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के उत्तराखंड प्रवास को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। प्रदेश नेतृत्व ने कार्यक्रमों को अंतिम रूप देते हुए कार्यकर्ताओं से सादगीपूर्ण और उत्साहपूर्ण स्वागत की अपील की है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कार्यक्रमों के प्रमुखों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में तय किया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रथम उत्तराखंड आगमन पर पारंपरिक परिधान और सादगी के साथ 25 से अधिक स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। जानकारी के अनुसार, नितिन नवीन 28 मई को शाम 4.35 बजे जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से वे सीधे भाजपा प्रदेश कार्यालय जाएंगे, जहां शाम 6.15 बजे कोर कमेटी की बैठक लेंगे। इसके बाद मंत्रियों के साथ बैठक आयोजित होगी। प्रवास के दूसरे दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय खंडूरी के आवास




पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात करेंगे। इसके बाद राजपुर रोड स्थित वेलकम होटल में विभिन्न बैठकों का दौर शुरू होगा।

### कार्यक्रमों का संभावित क्रम:

सांसदों और विधायकों के साथ बैठक, प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और जिलाध्यक्षों के साथ चर्चा, महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुखों के साथ संवाद, मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी और प्रदेश प्रवक्ताओं की बैठक प्रवास के अंतिम दिन नितिन नवीन टपकेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद वे डकरा, गढ़ी कैंट स्थित बूथ अध्यक्ष के आवास पर जलपान करेंगे और बूथ समिति की बैठक में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सिंहनीवाला में आयोजित प्रबुद्ध गोष्ठी को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। दौरे के समापन के बाद नितिन नवीन शाम 4.35 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# जनता ने बढ़ती महंगाई पर चिंता जताई, महंगाई कम करने को आवाज उठाई

## विपक्षी नेताओं ने कहा जनता महंगाई कम करने के लिए नहीं, धर्म के नाम पर दे रही वोट

नजीबाबाद (चिंगारी)। देश में लगातार बढ़ रहे पेट्रोल व डीज़ल के दाम महंगाई में लगातार बढ़ोतरी करते जा रहे है। जिससे अब गरीब आदमी का जीना पूरी तरह से दुश्वार होता जा रहा है। पेट्रोल डीज़ल के दामों में 10 दिन में चौथी बार बढ़ोतरी करते हुए अब पेट्रोल के दाम सौ का आकड़ा पार कर 102.12 पैसे तथा डीज़ल के दाम 95. 20 पैसे हो चुके है। जिस पर नगर की जनता ने चिंता जताते हुए इसे पहले से ही काफी महंगाई में गरीबों के लिए बड़ा झटका बताया है। वर्तमान में जहां गरीब आज पहले से ही महंगाई की मार झेलते हुए अपने घर के जरूरी खर्च पूरे नहीं कर पा रहा है ऐसे में लगातार पेट्रोलियम के दामों में बढ़ोतरी से रोजमर्रा की सभी चीजें महंगी हो जाएगी जिससे खाने पीने की चीजें खरीदना भी लोगों के लिए पूरी तरह से परेशानी का सबब बन जाएगा। आज प्रत्येक गरीब परिवार महंगाई के कारण पहले से ही बड़े ही जोड़-तोड़ से अपना रोज का खर्च चला पा रहा है। उसके पास अपना परिवार चलाने के लिए आमदनी काफी कम होने तथा खर्च ज्यादा होने के चलते कोई रास्ता नहीं है। लोगों का कहना है कि सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। जिससे गरीब आदमी लगातार गरीब होता जा रहा है। विपक्ष महंगाई को ना तो अब कोई मुद्दा बना पा रहा है, ना ही महंगाई के लिए कोई आंदोलन कर रहा है। जबकि विपक्ष के नेताओं का कहना है कि वह लगातार महंगाई के लिए आवाज उठाते है, मगर जनता अब महंगाई कम करने के लिए वोट नहीं देती, बल्कि केवल धर्म के नाम पर वोट देती है, जिससे महंगाई जैसे मुद्दे अब पूरी तरह से दब जाने के कारण महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। जब तक जनता धर्मवाद छोड़कर महंगाई कम करने जैसे गंभीर मुद्दों के लिए वोट नहीं देंगी महंगाई बढ़ने पर ना तो अंकुश लगेगा ना महंगाई कम होने वाली नहीं है।

## चेयरमैन ने पत्रकारिता दिवस पर दिया प्रेस भवन का तोहफा

नजीबाबाद (चिंगारी)। जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में तथा वरिष्ठ पत्रकार जफर जैदी की स्मृति में संगम बैंकट हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हाजी तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, भाजपा की पूर्व प्रांतीय पार्षद व धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन लीना सिंघल, रूड़की के मेयर गौरव गोयल, जलालाबाद के पूर्व चेयरमैन याकूब राईन, उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, श्रीमती बिंदू सर्राफ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सभी अतिथियों को जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने पत्रकार जफर जैदी को याद करते हुए जीवन में उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना कर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की। साथ ही हिन्दी पत्रकारिता दिवस की सभी पत्रकारों को मुबारकबाद देते हुए सच्चाई तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए पूरी ईमानदारी से अपना कलम चलाने की सलाह दी। कार्यक्रम आयोजक मुजफ्फर अली उर्फ बिट्टू ने चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम से मिनी स्टेडियम के लिए संघर्ष करने वाले अपने वालिद के नाम का पत्थर, स्टैब्स ग्राउंड के बाहर लगवाने की मांग की। जिसे चेयरमैन ने तत्काल पूरा कर बोर्ड की बैठक में इस कार्य को पास कराकर बिट्टू से ही इस पत्थर का लोकार्पण कराने का भरोसा दिलाया। चेयरमैन ने इस मौके पर नजीबाबाद के पत्रकारों के लिए नगरपालिका के समीप स्थित मछली बाजार की दो दुकानों के ऊपर पत्रकार भवन बनाकर देने की घोषणा की। जिसका पत्रकारों ने स्वागत करते हुए चेयरमैन का सम्मान किया। प्रदीप डेजी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र जैन, इरफान अंसारी, अशरफ अली, नवाब अली, राजपाल सिंह चौहान, नौशाद मुल्तानी, मनोज शर्मा, डॉ. आफताब नोमानी, जिशान नजीबाबादी, शादाब जफर शादाब, अल्ताफ रजा, हाशिम अहमद, नईम सिद्दीकी, अजीत यादव आदि ने विचार रखे। इस मौके पर अवधेश शर्मा, जकी मलिक, धर्मवीर सिंह चौहान, अनिल सक्सेना, गुलजार कुरैशी, शाकिर कुरैशी, संजय कुमार, अनुज शर्मा, टीएस मलिक, हिफजुर्रहमान, विपिन ठाकुर, जितेंद्र कक्कड़, रिहान अंसारी, खिजर अहमद, शहजाद नोमानी, राजवीर सिंह, इस्लामी फंड के मैनेजर नफीस खान, राकेश जुनेजा, अनवर खां मंसूब, जाहिद अंसारी, रफीक अंसारी, विनोद मित्तल, नईम मकरानी आदि मौजूद रहे।




## जैन समाज ने दो साध्वियों की हत्या के विरोध में शांति मार्च निकाला

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद दिगंबर जैन समाज ने सोमवार को प्रात: श्री दिगम्बर जैन मन्दिर में एकत्रित होकर दो साध्वियो की हत्या के विरोध व जैन गुरुजनों की विहार की सुरक्षा मांग को लेकर मौन प्रदर्शन कर शान्ति मार्च निकाला। जैन समाज ने सम्पूर्ण देश में निकल रहे मार्च का समर्थन किया। श्री मन्दिर जी मे 18 मई विराजमान पंडित पूज्य मुनि श्री विव्रत सागर व मुनि श्री विश्वार्थ सागर महाराज ने जैन समाज नजीबाबाद व नहटौर जैन समाज के साथ कोतवाली के लिए विहार किया, रास्ते मे राहुल जैन परिवार ने अपने प्रतिष्ठान पर महाराज का पद प्रक्षालन किया। नजीबाबाद से 13 किलोमीटर दुर्ग शुगर फैक्ट्री पर विश्राम व आहारचर्या के लिए रूके आहार का सौभाग्य जनेश्वर प्रसाद जैन, राजीव जैन परिवार को मिला। जिसमे जैन श्राविकाओ ने बढचढ कर हिस्सा लिया। महाराज श्री कल सुबह कोतवाली के लिए विहार करेंगे। कोतवाली तक की व्यवस्था प्रधान दीपक जैन, मंत्री नीरज जैन, भंडारी पुनीत जैन द्वारा रूपरेखा से पूर्ण होगी। नीलम जैन, अराध्य जैन, मानवी जैन, स्वाति जैन, सुनीता जैन, वदना जैन, संगीता जैन, रिंकू जैन, सिद्धार्थ जैन, नमन जैन, नीरज जैन, दीपक जैन, विपिन जैन, प्रेरणा जैन, ऋषभ जैन, भाविक जैन, निधि जैन, क्रमांक जैन, जितेंद्र जैन, आदी जैन, कुशमंदानी जैन, अरिहत जैन आदि मौजूद रहे।




## 2027 में बसपा सरकार बनाने को चलाया सदस्यता अभियान



नजीबाबाद (चिंगारी)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के आदेशानुसार बूथ चलो अभियान के तहत बूथों का पुनर्गठन कर समीक्षा भी की गई। साथ ही सदस्यता अभियान भी चलाया गया। बैठक में बसपा शासनकाल में हुए विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। 2027 के चुनाव में बसपा की सरकार बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। सेक्टर गढ़मलपुर के ग्राम किशनपुर आंवला के बूथ सं0-204 व 206 व ग्राम भटौली के दो बूथों का गठन किया गया तथा बसपा के पदाधिकारी बनाकर उनका सदस्यता शुल्क लिया गया। विधानसभा क्षेत्र महासचिव डॉक्टर कलवा विश्वकर्मा ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सर्वजन की पार्टी है, यह एक पार्टी ही नही एक मिशन है। बसपा शासन में सर्वजन हित में कार्य हुए इसलिए सर्वजन हित बसपा में ही सुरक्षित है। प्रदेश में होने वाले 2027 के चुनाव में बसपा की सरकार बनेगी। बैठक की अध्यक्षता डॉक्टर कलवा विश्वकर्मा एवं संचालन इफ्तार उर्फ भूरे ने किया। बैठक में नरेंद्र कुमार रवि, डीपी सिंह रवि, विक्रम सिंह, डॉक्टर कलवा विश्वकर्मा, केला सिहं, सैक्टर अध्यक्ष रघुनाथ, सरजीत सिह, मामराज, अफजाल अहमद, सदरूदीन, विनीत कुमार, ब्रिजेश कुमार, सीताराम, आकाश, अतुल, राधे, शयाम आदि उपस्थित रहे।



## चेयरमैन मुअज्जम ने दरगाह पहुंचकर जियारत की

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगरपालिका परिषद नजीबाबाद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने अपनी टीम के साथ विश्व प्रसिद्ध दरगाह ए आलिया नज्फे हिंद जोगीपुरा सालाना मजालिस में पहुंचकर दरगाह ए आलिया नज्फे हिंद के प्रशासक सैय्यद शबाब हुसैन से मुलाकात की। नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने इस मौके पर दरगाह पर जियारत कर चादरपोशी भी की। उनके साथ चांदपुर के पूर्व चेयरमैन शेरबाज पठान, जिला अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, सहल खान, अजमल खान, नासिर कुरैशी, अनीस अहमद आदि ने भी जियारत की। सभी ने मिलकर मौला अली के रोजे पर अमनो अमान के लिए दुआ की। साथ ही दरगाह ए आलिया नज्फे हिंद जोगीपुरा की कमेटी के इंतेजाम व प्रबंध की तारीफ करते हुए पुलिस प्रशासन के सहयोग की भी प्रशंसा की।

# दरगाह पर अंजुमनों ने नौहे पढ़ते हुए जंजीरों का मातम किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व प्रसिद्ध दरगाह ए आलिया जोगीपुरा में आयोजित सालाना मजलिस को खिताब करते हुए दिल्ली से आये मौलाना अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा कि भारत देश में हमें बहुत प्रेम मिला है। यहां के लोग शहीद ए आजम आयतुल्ला खामेनेई के चाहने वाले है। मजलिस को मौलाना समर अब्बास जैदी चांदपुर, मौलाना अली अब्बास नकवी शकरपुर, मौलाना हसन कुमैली दिल्ली, मिर्जा शफीक हुसैन, मौलाना डाक्टर रिहान हसन गोपालपुर, सैय्यद रईस अहमद नोएडा, प्रशासक शबाब नकवी ने खिताब करते हुए इमाम हुसैन की कुर्बानी का जिक्र किया।



सालाना मजलिसों के मौके पर देश-विदेश के जायरीनों के साथ दरगाह परिसर मे राजनीतिक लोगों का आने का सिलसिला जारी रहा। नगीना विधायक मनोज पारस, आजाद समाज पार्टी के प्रतिनिधि शेरबाज पठान, नजीबाबाद चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने भी मौला अली के रोजे पर चादर पेश की। दरगाह परिसर में दिन भर जुलूसों का सिलसिला जारी रहा। जिसमें दूर दराज से आई अंजुमनों ने नौहे पढ़ते हुए जंजीरों का मातम किया। वहीं मौला अली के रोजे पर अपनी हाजिरी देकर रुखसत हुए। बड़ी संख्या में जायरीनों ने दरगाह पर मंजर ए हुसैनी, झुलजुना की भी जियारत की।

# किसानों की पंचायत नहीं होने देना चाहती सरकार - राकेश टिकैत

## लक्ष्मीकांत शर्मा का हालचाल जानने पहुंचे भाकियू प्रवक्ता



**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत रविवार की देर शाम क्षेत्र के गांव लिंडरपुर में यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा का हालचाल जानने उनके आवास पर पहुंचे। उसके बाद पीपला जागीर स्थित ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह के आवास पर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने मीडिया को बताया कि भारतीय किसान यूनियन किसानों व असहाय लोगों की मदद के लिए हमेशा खड़ी है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था किसानों की पंचायत पर रोक लगाना चाहती है। गाजियाबाद में यूनियन की होने वाली पंचायत को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन यूनियन के पदाधिकारियों के घरों पर जाकर दबाव बना रहा है, जबकि भाजपा के लोग विपक्ष के सांसदों के घरों पर महिलाओं को भेजकर प्रदर्शन करा रहे हैं। सरकार की गलत नीतियों के कारण करोड़ों रुपये गन्ने की पैदावार पिछले सालों के मुकाबले कम हुई है। उन्होंने संगठन के लोगों से कहा कि गांव-गांव जाकर एकजुट होकर सरकार की नीतियों का विरोध करें। सरकार की तानाशाही के विरुद्ध देश का नौजवान जागरूक हो रहा है, क्योंकि नौजवानों का भविष्य अंधकार में है। नीट का पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द होने से करीब 22 लाख युवाओं को झटका लगा है। परीक्षा रद्द होने के कारण दर्जन भर से अधिक छात्रों ने आत्महत्या कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली, लेकिन सरकार पर इस बात का कोई असर नहीं हुआ। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब, जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनकड़, शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, ठाकुर सुशील कुमार, अभय चौधरी, नगर अध्यक्ष कफील सैफी, रियाजुद्दीन, मोहम्मद अशफाक व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पशुओं का शिकार कर रहा गुलदार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र में गुलदार का आतंक बढ़ गया है। आएदिन पशुओं पर हमले कर रहा है, लेकिन वन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। दो दिन पहले ग्राम निचलपुर निवासी समरपाल सिंह के भैंस के बच्चे को गुलदार ने मार डाला, जबकि बीती रात ग्राम मंझोली में बाबूराम एवं धर्मपाल सिंह के पशुओं पर भी हमला कर एक बछड़े को मारकर खा गया। घटनाओं के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ा जाए।



# आपसी भाईचारे के साथ मनायें ईदुल अजहा - मौलाना उबैदुर्रहमान



मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी

**शेरकोट ( चिंगारी )।** जमीअत उलेमा ए हिंद के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नगर के मदरसा इस्लामिया अरबिया रहमानिया के मोहतमिम मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी ने कहा कि ईदुल अजहा कुर्बानी का त्यौहार है, इसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। प्रेस को जारी बयान में मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी ने कहा कि ईदुल अजहा का त्यौहार 28 मई को मनाया जाएगा और इस मौके पर तीन दिन तक कुर्बानी होगी। उन्होंने मुसलमानों से शासन-प्रशासन के दिशानिर्देश का पालन करते हुए आपसी सौहार्द के साथ परम्परागत ढंग से त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नगर हमारा है, इसे साफ-सुथरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, जिम्मेदार नागरिक बनकर इसे स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग दें। उन्होंने कहा ईद के मौके पर हमवतनी भाइयों की भावनाओं का ध्यान रखें, खुले में कुर्बानी न करें और न ही नालियों में खून बहाए, एक स्थान से दूसरे स्थान तक गोश्त को ढककर ले जाएं, कुर्बानी के अवशेष इधर-उधर न फेंककर पालिका की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ही डालें या गड्ढा खोदकर दबाएं। उन्होंने खास तौर से कुर्बानी के फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से बचने की अपील की।

# अपने नफ़्स और लालच की भी कुर्बानी दें - डा. नफीस

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति के पूर्व सदस्य व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. नफ़ीस गुलरेज अंसारी ने कहा कि ईद-उल-अज़हा का मुक़द्दस त्यौहार हमें हज़रत इब्राहीम अ.स. की वह अज़ीम कुर्बानी याद दिलाता है, जब उन्होंने अल्लाह के हुक्म पर अपने प्यारे बेटे हज़रत इस्माईल अ.स. को कुर्बान करने का जज़्बा दिखाया था। अल्लाह ने इस कुर्बानी को कुबूल करते हुए कुरआन में इरशाद फरमाया ईद-उल-अज़हा सिर्फ़ एक रस्म नहीं, बल्कि ईमान, सब्र और अल्लाह की रज़ामंदी की शानदार मिसाल है। इस दिन हमें यह अहद करना चाहिए कि हम अपने ज़ाती फ़ायदे पर देश की क़ौमी यकजहती और इंसाफ़ को तरजीह देंगे, देश और समाज में भाईचारे, अमन और इंसानियत का पैग़ाम पहुंचाएंगे और कुर्बानी की रूह को सिर्फ़ जानवरों की कुर्बानी तक नहीं, बल्कि अपने नफ़्स, लालच और ज़ुल्म के खिलाफ़ कुर्बानी तक बढ़ाएंगे। अल्लाह तआला हमारी कुर्बानियों को कुबूल फरमाए, हमारे मुल्क में अमन व सलामती क़ायम रखे और हमें इंसाफ़, सच्चाई और एकता के रास्ते पर चलने की तौफ़ीक़ अता फरमाए। उन्होंने कहा कि नमाज़ सिर्फ ईदगाह और मस्जिदों के परिसर में ही अदा करें।



डा. नफीस गुलरेज

# टूटी सड़क, उखड़ी नालियां, बिखरा मलबा..

## व्यापारियों, ग्राहकों, राहगीरों को भारी परेशानी

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र बड़ा बाजार में टूटी सड़क, उखड़ी नालियां और सड़क पर फैले मलबे को लेकर व्यापारियों में रोष व्याप्त है। व्यापारियों का आरोप है कि करीब एक माह पूर्व सड़क और नालियों को निर्माण कार्य के नाम पर तोड़ दिया गया था, लेकिन अब तक निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। पूरा बाजार गड्ढों, टूटी नालियों और मलबे से अटा पड़ा है, जिससे ग्राहकों, राहगीरों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार नालियों का निर्माण पूरा किए बिना ही सड़क निर्माण की तैयारी में जुटा है। उनका कहना है कि यदि पहले नालियों का निर्माण नहीं हुआ तो बरसात में जलभराव की समस्या विकराल हो जाएगी और पानी लोगों के घरों में घुस सकता है। व्यापारियों ने नालियों को 'एल शेप' डिजाइन में बनवाने की मांग उठाई है। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष आसिफ रईस ने कहा कि व्यापारियों ने पहले नगर पालिका पहुंचकर अधिशासी अधिकारी से मिलने का प्रयास किया, लेकिन उनके कार्यालय में मौजूद न मिलने पर मजबूरन शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज करानी पड़ी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क, नाली और मलबे की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो व्यापारी बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वहीं, ईओ नगर पालिका विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि सड़क निर्माण के साथ कनेक्शन पाइप डालने का कार्य भी चल रहा था, जिस कारण देरी हुई। ठेकेदार को शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दे दिये गये हैं।

# मिरहा फैसल, फातिमा जेहरा, इनाया अंसारी, वायज़ा, रिमशा तस्व्वर बने टॉपर

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** सोमवार को कस्बे के इलाही बख़्श पब्लिक स्कूल में प्रथम यूनिट टेस्ट परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। नर्सरी कक्षा से कक्षा 10 तक अपने-अपने वर्ग में मिरहा फैसल, फातिमा जेहरा, इनाया अंसारी, वायज़ा, रिमशा तस्व्वर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिताओं में टॉप किया। विद्यालय के निदेशक के अनुसार नर्सरी कक्षा में मिरहा फैसल, सारा इमरान, जैनब सद्दाम, अली इश्तेयाक़, आयरा अजमल, आसिफा आसिफ, अनाबिया जुनैद, आसिम आसिफ, हैदर जुबेर केजी वर्ग में फहाद उस्मान, अलिशबा राफिक, बुशरा वली, मरियम जावेद, माहिरा फईम, नबिहा रिज़वान, अफ़शीन नाजिम, फातिमा जेहरा प्राथमिक वर्ग में इनाया अंसारी जूनियर वर्ग में साईका, शगुफ़ा, वायजा, माध्यमिक वर्ग में रिमशा तस्व्वर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन व अंक हासिल कर टॉपर बन गए।

# चिलचिलाती धूप में स्कूल में सबील लगाकर पिलाया शरबत



**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** कस्बे के इलाही बख़्श पब्लिक स्कूल में आज चिलचिलाती गर्मी से बचाव के लिए विद्यालय प्रबंधन तंत्र की ओर से सबील लगाकर अभिभावकों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं व राहगीरों को शरबत पिलाया गया। विद्यालय के निदेशक मुफ्ती एम. इरफान कासमी ने बताया कि प्रशासन के आदेशों पर विद्यार्थियों को निर्धारित समय पर प्रथम यूनिट टेस्ट कराकर गर्मियों की छुट्टियां दी जा चुकी हैं। सोमवार को विद्यालय में अभिभावकों ने शिक्षकों से आकर बच्चों की शैक्षिक एवं विद्यालय प्रगतियों के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों के शंका समाधान किए। गर्मी अधिक होने के कारण विद्यालय परिसर में ग्लूकोज युक्त पारंपरिक शरबत बनाकर तैयार किया गया। सबील प्रभारी मुजाहिद के अनुसार सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्कूल के कर्मचारियों का योगदान मिला। प्रशासनिक अधिकारी अथहर महमूद सिद्दीकी ने बताया कि शिक्षकों ने यूनिट टेस्ट की प्रगति देने का अच्छा प्रयास किया है। सभी कक्षाओं में छात्र-छात्राओं ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आगामी शिक्षण सत्र में छात्र-छात्राओं को नवीन तकनीकी से सीबीएसई बोर्ड के निर्देशानुसार पढ़ाई करने की तैयारी करके आने को कहा गया है। अभिभावकों वाजिद, रिजवान, शरीफ सिद्दीकी, इमरान अहमद आदि का कहना है कि स्कूल में बच्चों को नई-नई तकनीक से पढ़ने पर उसके अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। यह बच्चों के भविष्य के लिए उत्तम है। शिक्षक वर्ग सचिव वसीम अहमद व सारा सैयद ने प्रबंध तंत्र को उचित समय पर शैक्षिक मार्गदर्शन किए जाने पर सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं की ओर से आभार व्यक्त किया।

# तेल के दाम बढ़े चौथी बार महंगाई से मचा हाहाकार

**बिजनौर/नांगल सोती (चिंगारी)।** कच्चे तेल के दामों में 5 प्रतिशत की गिरावट होने के बावजूद पेट्रोल-डीजल के दामों में बड़ी वृद्धि कर दी गई है। पिछले 10 दिनों में यह चौथा मौका मौका है, जब तेल के दामों में वृद्धि की गई है। आज की गई वृद्धि के बाद पेट्रोल के दाम 100 रु. के पार हो गये हैं, जबकि डीजल भी शतक लगाने को बेकरार नजर आ रहा है। क्षेत्र में पेट्रोल के दाम 99.04 रु. से बढ़कर 101.65 रु. प्रति लीटर हो गये हैं। एक्स्ट्रा प्रीमियम पेट्रोल के दाम 110.25 रु. प्रति लीटर पर पहुंच गये हैं। जबकि डीजल के दाम 92.43 रु. से बढ़कर 95.14 रु. प्रति लीटर जा पहुंचे हैं। आज पेट्रोल के दामों में 2.61 रु. की तथा डीजल के दामों में 2.71 रु. प्रति लीटर की वृद्धि गई है। पिछले 10 दिनों से पहले ही महंगाई से बेहाल आम जनता को झटके पर झटके दिये जा रहे हैं। 15 मई से तेल के दामों में बढ़ोतरी का क्रम लगातार अंतराल पर जारी है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में आज कच्चे तेल के दामों में 5 प्रतिशत की गिरावट हुई है। तेल के दाम बढ़ने से घर की जरूरत के लगभग सभी सामानों के दाम बढ़ने शुरू हो गये हैं। बहुत हुई पेट्रोल-डीजल पर महंगाई की मार, अबकी बार मोदी सरकार का नारा देकर सत्ता में आई मोदी सरकार के कार्यकाल में लगातार महंगे होते पेट्रोल, डीजल ने लोगों की कमर तोड़ने का काम किया है। इस दौर में किसानों के सारे काम ट्रैक्टर से होते हैं और लगातार महंगे होते डीजल ने किसानों की जेब को खाली करना शुरू कर दिया है। डीजल के दाम बढ़ने से मालवाहक वाहनों का भाड़ा बढ़ता है, तो हर जरूरी सामान के रेट बढ़ जाते हैं। लोगों को चिंता सताने लगी है कि महंगाई बढ़ाने में सरकार अगला नंबर रसोई गैस का भी लगा सकती है। उल्लेखनीय है कि रसोई गैस के दाम 926 रु. प्रति सिलेंडर के आसपास होने के कारण जनता पहले से ही त्राहिमाम कर रही है।



# प्रेम-भाव के साथ मनाएं त्यौहार : एसएचओ

## थाना रेहड़ में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** रविवार को थाना रेहड़ पुलिस द्वारा थाना प्रांगण में आगामी त्यौहारों बकरीद आदि के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के अनेक धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों व ग्राम प्रधानों आदि ने शिरकत की, जिन्होंने जहां एक ओर कई समस्याओं से पुलिस को अवगत कराया, वहीं थाना प्रभारी को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का यकीन दिलाया। एसएचओ राजीव कुमार वर्मा ने त्यौहार प्रेम-भाव से मनाने और किसी भी प्रकार की कोई नई परंपरा शुरू न करने का आह्वान किया। उन्होंने बकरीद के मौके पर शासन-प्रशासन की गाइडलाइंस का पूर्णत: पालन करने, सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए अन्य लोगों की भावनाओं का भी ध्यान रखने पर जोर देते हुए यह भी कहा कि शांति एवं कानून व्यवस्था में खलल डालने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

# रेंजर से पाखरो गेट खुलवाने की मांग

## इस गेट से होकर मात्र 55 किमी. पड़ेगा कोटद्वार

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** अपने यहां से कोटद्वार के सफर को आसान बनाने के मकसद से पाखरो गेट खुलवाने की मांग को लेकर क्षेत्र के कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मोर घाटी वन क्षेत्राधिकारी मुकुल सुहान से मिले। इस दौरान ग्राम कुआंखेड़ा, भोगपुर एवं वीरभानवाला के ग्रामीणों ने पाखरो गेट खुलवाने की मांग की। पवन कुमार, चरण सिंह, रवि कुमार, मंगत कंबोज, जोगेंद्र सिंह, मनीष कुमार व ग्राम प्रधान सतपाल सिंह आदि ने बताया कि यदि यह गेट आवागमन के लिए खुल जाता है तो इन गांवों से कोटद्वार की दूरी मात्र 55 किलोमीटर की रह जाएगी, जबकि इस गेट के बंद रहने पर यहां के लोग अफजलगढ़ से घूमकर जब कोटद्वार जाते हैं तो यह दूरी 114 किमी. बैठती है, जिसमें समय भी अधिक लगता है और आर्थिक हानि भी उठानी पड़ती है। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल सुहान ने ग्रामीणों की इस मांग को संबंधित उच्चाधिकारियों के सम्मुख रखने का विश्वास दिलाया।



पाखरो गेट खुलवाने की मांग करते ग्रामीण।

# तालाबों का होगा सौंदर्यकरण

**नहटौर (चिंगारी)।** विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत 198 तालाबों का सौंदर्यकरण करने के लिए ब्लॉक प्रशासन ने उक्त तालाबों पर पौधे रोपने की कार्य योजना बनाकर करवाई प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार विकास खंड की 96 ग्राम पंचायत में लगभग 198 तालाब हैं। वर्तमान में इन तालाबों का सौंदर्यकरण कराया जाने के लिए ब्लॉक प्रशासन ने एक कार्य योजना तैयार की है, जिसमें तालाबों की सफाई, पानी कम होने पर पर्याप्त मात्रा में जल भरवाना, तालाब के चारों ओर पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए छायादार पौधे लगाये जाने के लिए बनाई गई योजना के मुताबिक संबंधित सहायक तकनीकियों को स्थान को चिन्हित करके गड्ढे खोदने का कार्य प्रारंभ करने के लिए दिशा निर्देश दिये गये हैं। वर्षा प्रारंभ होने पर उक्त गड्ढों पर छायादार फलदार पौधे रोपे जायेंगे। मत्स्य विभाग के सहयोग से उन तालाबों में मछली पालन कर पंचायत की आय बढ़ाई जायेगी। मनरेगा योजना के प्रभारी पंकज कुमार ने बताया इस योजना में कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# तिखूंटी वाले बाबा के मंदिर पर मेला प्रारंभ

## महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** प्रतिवर्ष ज्येष्ठ दशहरा पर थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम हरकिशनपुर में लगने वाले 11 दिवसीय मेले का रविवार को शुभारंभ हुआ। तिखूंटी वाले बाबा के मंदिर पर आगामी 3 जून तक आयोजित होने वाले इस मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने किया। श्रद्धालुओं ने सुशांत सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कुंवर सुशांत सिंह ने श्रद्धालुओं से धर्म लाभ कमाने और मेले का आनंद लेने का आह्वान किया। उद्घाटन से पूर्व महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली, जो इसी मंदिर से शुरू होकर गांव के अनेक मुख्य मार्गों से होती हुई पुन: इसी मंदिर पर आकर संपन्न हुई।

# आसपा नेता शेरबाज पठान के साले का इंतकाल, शोक व्याप्त

**चांदपुर (चिंगारी)।** चेयरपर्सन श्रीमती जीनत शेरबाज के भाई एवं वरिष्ठ आसपा नेता शेरबाज पठान के साले उस्मान गनी का बीती रात कन्नौज में इंतकाल हो गया। उनकी आयु लगभग 52 वर्ष थी। वे पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। उस्मान गनी के इंतकाल की खबर सुनकर चेयरपर्सन श्रीमती जीनत शेरबाज व पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान कन्नौज के लिए रवाना हो गए। नगर पालिका कर्मचारी मौ. आदिल, सलीम अहमद, सलमा नूर हमीदी, सभासद शारिक हाशमी, मौ. परवेज, मौ. शाहनवाज उर्फ सोनू आदि ने चेयरपर्सन श्रीमती जीनत शेरबाज के भाई के इंतकाल पर रंजोगम का इजहार करते हुए मरहूम की मगफिरत के लिए अल्लाह ताला से दुआ की। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक संवेदना।



मृतक का फाइल फोटो।

# इंशाअल्लाह ठीक 7 बजे अदा की जायेगी ईद की नमाज - शहर काजी



**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर काजी बिजनौर काजी माजिद अली ने बताया है कि इस साल ईद उल अज़हा (बकरीद) आगामी 28 मई 2026 ब्रहस्पतिवार (जुमेरात) के दिन मनाई जाएगी और ईद की नमाज ईदगाह बिजनौर में इंशाल्लाह ठीक 7:00 बजे अदा की जाएगी। क़ाजी साहब ने तमाम मुसलमानों से अपील की है कि वह सही समय पर ईदगाह में पहुंचकर नमाज अदा करें। नमाज के बाद कुर्बानी होती है, जिसमें खास ख्याल रखें कि कुर्बानी किसी भी खुली जगह पर न हो, पर्दे का इंतजाम किया जाए, कुर्बानी का खून नालियों में न बहाया जाए, कुर्बानी के अवशेष नगर पालिका की गाड़ियों में ही डाले जाएं, सफाई का पूरा ख्याल रखा जाए। गोश्त अगर कहीं लेकर जाना है तो अच्छी तरह ढककर लेकर जाएं ताकि किसी को कोई तकलीफ न हो। क़ाज़ी साहब ने यह भी अपील की है कि कुर्बानी का कोई भी फोटो सोशल मीडिया पर न डाला जाए। इन्हीं बातों का ख्याल रखते हुए शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं।

# राकेश टिकैत का चांदपुर में हुआ भव्य स्वागत

**चांदपुर (चिंगारी)।** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का चांदपुर आने पर भव्य स्वागत किया गया। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का नगर में कराल रोड पर स्थित अहमद सईद व शाहरुख बिलाल के आवास पर बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाकियू के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद याकूब, जकीउद्दीन हाशमी, सभासद शाहनवाज उर्फ सोनू, इकबाल अहमद, नदीम अहमद, दिलशाद अहमद, फिरोज अहमद, नजीर अहमद, मौ. आकिफ, मोहम्मद सलमान, मौ. आरिफ, मोहम्मद आबिद, मोहम्मद मजीद, मोहम्मद साजिद, मौ. ताहिर, अब्दुल्ला कैफ, अरीब आदि मौजूद रहे।



# डॉ. प्रेमचन्द अग्रवाल के जन्मदिन पर अनेक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल के जन्मदिन पर पूरे दिन विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रात:काल उनके आवास पर ही शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों का बधाई देने हेतु तांता लगा रहा। अग्रवाल ने वीरभद्र मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात कुष्ठ आश्रम में पौधारोपण एवं जरूरतमंदों को राशन वितरण किया गया। ट्रांजिट कैंप में शीतल पेय वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ, वहीं ऋषिकेश सरकारी अस्पताल में गढ़ सेवा संस्थान द्वारा मरीजों को फल वितरण किया गया।

श्यामपुर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त व्यापारियों के साथ बैठक कर उनके सुझावों एवं समस्याओं पर चर्चा की गई।

सायंकाल त्रिवेणी घाट पर युवा मोर्चा द्वारा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके पश्चात गंगा आरती में सहभागिता की गई। कार्यक्रमों के दौरान ऋषिकेश भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल, मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी,वीरभद्र मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, श्यामपुर मंडल अध्यक्ष चंद्र मोहन पोखरियाल, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा शिवम टुटेजा, व्यापारी नेता केके लाम्बा, प्रदीप कोहली, अनिरुद्ध शर्मा, छात्रसंघ अध्यक्ष मयंक भट्ट, सुमित पवार, राजपाल ठाकुर, पुनीता भंडारी, वंदना स्वामी, ममता नयाल, पिंकी धस्माना आदि उपस्थित रहे।

# स्वदेशी आंदोलन समय की मांग - कपिल नारंग

## जिला विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वदेशी जागरण मंच, जिला बिजनौर द्वारा रविवार को आर्य समाज, बिजनौर में 'जिला विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग' का आयोजन किया गया। वर्ग में स्वदेशी अर्थव्यवस्था, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया एवं संगठन विस्तार ब्लाक स्तर तक करते नए दायित्व दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र सह संयोजक श्री कपिल नारंग उपस्थित रहे। उनके साथ प्रांत संयोजक प्रशांत महर्षि एवं सह प्रांत संयोजक श्री सुधांशु विश्नोई ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक विकास ने की। संचालन जिला संयोजक श्री अजय वत्स द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता कपिल नारंग ने अपने उद्बोधन में कहा, 'स्वदेशी आंदोलन आज समय की मांग है। वैश्विक परिस्थितियों में भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है तो हमें उत्पादन, वितरण और उपभोग तीनों में स्वदेशी को अपनाना होगा।' प्रांत संयोजक प्रशांत महर्षि ने कहा, 'स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत हमारा लक्ष्य प्रत्येक जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण वर्ग ऐसे कार्यकर्ताओं का निर्माण करता है जो समाज में स्वदेशी की अलख जगाएं।




## इनको दायित्व सौंपे गये

**बिजनौर जिले में संगठन विस्तार हेतु समर्पित राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए गए।' जिसमें श्री अमित गर्ग, जिला व्यापारी प्रमुख स्वदेशी व्यापारी मंच, अमित राजपूत हल्दौर जिला युवा प्रमुख, ब्लाक नूरपुर पवन अग्रवाल संयोजक, कपिल चौहान सह संयोजक, ब्लाक नहटौर टीकम सिंह चौहान संयोजक एवं आशुतोष सह संयोजक, ब्लाक हल्दौर नितिन राणा संयोजक, तुषार गोस्वामी सह संयोजक, ब्लाक किरतपुर आलोक रस्तोगी संयोजक घोषित किये गए।**

## स्वदेशी केवल वस्तुओं का विषय नहीं

**सह प्रांत संयोजक श्री सुधांशु विश्नोई ने कहा, 'स्वदेशी केवल वस्तुओं का विषय नहीं, यह हमारी सोच और संस्कृति का विषय है। हमें विदेशी कंपनियों के विज्ञापनों के प्रभाव से निकलकर स्थानीय उत्पादों पर गर्व करना होगा। युवा वर्ग स्वदेशी स्टार्टअप की ओर बढ़े, यही आह्वान है।' कार्यक्रम को सफल बनाने में सतीश त्यागी ( सह जिला संयोजक ) कौशल शर्मा ( जिला संपर्क प्रमुख ) श्रीमती रीता शर्मा ( जिला सह समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान ) दीपक अरोड़ा ( नगर संयोजक ) का सहयोग रहा। सर्वश्री जितेंद्र चौधरी, राजकुमार गोयल, योगेंद्र पाल योगी, विनय तितोरिया, नवीन धारीवाल, श्रीमती सुधा राठी, श्रीमती नीतू अग्रवाल, बी आर पाल, ओम प्रकाश कौशल, राजेश अरोड़ा, हरवीर सिंह, मोहित राजपूत, विवेक नारायण, संजय शर्मा, युवराज सिंह, अर्पण चौधरी आदि की उपस्तिथि रही।**

# अवैध शराब सहित थमा



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नशा मुक्त (उत्तराखण्ड) करने व नशा, अवैध शराब, चरस, स्मैक, गांजा तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में कोतवाली ऋषिकेश द्वारा क्षेत्र में टीमों का गठन कर लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा लगातार तस्करों के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान गोलचक्कर आई.डी.पी.एल. ऋषिकेश से नीरज कश्यप उर्फ बादल पुत्र पवन कश्यप निवासी 35/75 सर्वहारा नगर काले की ढाल ऋषिकेश उम्र 26 वर्ष के कब्जे से 30 ट्रेटा पैक देशी माल्टा शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। नीरज कश्यप उर्फ बादल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस का अभियान लगातार जारी है।

# शिविर लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया



**धामपुर ( चिंगारी )।** आज गंगा दशहरा के पावन पर्व पर खंड विकास कार्यालय के निकट आयोजित शिविर में शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान जहां शिविर के सामने से गुजर रहे नागरिकों ने शीतल शरबत को ग्रहण करके गर्मी से राहत महसूस की, शिविर में सेवा कार्य कर रहे सेवादारों द्वारा वाहनों में सवार होकर गंतव्य स्थानों को जा रहे यात्रियों को भी शरबत का वितरण किया गया। शिविर के दौरान पहुंचे धामपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

शिविर का शुभारंभ पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहड्डा के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक महेश कुमार शर्मा, गाजियाबाद से पधारे करतार गुरप्रीत सिंह भाटिया, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संगठन मंत्री सरदार मंजीत सिंह सलूजा साधक एवं वरिष्ठ पत्रकार सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक ने संयुक्त रूप से किया। ज्ञानी सरदार मनप्रीत सिंह सलूजा प्रिंस सलूजा ने अरदास करते हुए सभी गुरमुख परिवारों को चढ़दी कला में बनाए रखने की सच्चे पातशाह वाहेगुरु जी के चरणों से अरदास की। शिविर में सरदार कमलजीत सिंह सलूजा, बीबी तेजेंद्र कौर सलूजा, अमनप्रीत कौर सलूजा, सरदार मनप्रीत सिंह सलूजा, प्रिंस सलूजा, बीबी अमरजीत कौर सलूजा, सरदार दमनप्रीत सिंह सलूजा, बीबी हरलीन कौर सलूजा, सरदार दिलवंश सिंह सलूजा, सरदार जसप्रीत सिंह सलूजा तथा बीबी सुप्रीत कौर सलूजा मुरादाबाद, सरदार इंद्रपाल सिंह छाबड़ा, सरदार हरदीप सिंह छाबड़ा, सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक, सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी आदि की मुख्य भूमिका रही।

# प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया सड़क किनारे बनाई गई झोपड़ियों को हटाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त नीति के क्रम में जनपद पौड़ी गढ़वाल में प्रशासन द्वारा लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देशों पर काशीरामपुर क्षेत्र में प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे बनायी गई अवैध झोपड़ियों को हटाया।

पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा काशीरामपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया था, जिसके बाद उन्होंने उपजिलाधिकारी को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में एसडीएम संदीप कुमार के नेतृत्व में तहसील प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान तहसीलदार एवं पुलिस अधिकारियों ने वहां अस्थायी रूप से रह रहे खानाबदोश परिवारों को क्षेत्र खाली करने तथा भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत



कोटद्वार के काशीरामपुर क्षेत्र में रविवार को प्रशासन की टीम ने अवैध अतिक्रमण हटाया।

दी। एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थलों एवं सड़क किनारे किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अतिक्रमणों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू खालसा की बैठक हुई

**लालढांग ( चिंगारी )।** हरिद्वार जनपद के लालढांग में भारतीय किसान यूनियन खालसा, की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह खालसा ने भ्रष्टाचार और नशे की बढ़ती लत पर चिंता जताई। उन्होंने किसान, मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने के लिए कहा। इस अवसर पर श्री सिंह ने हरिद्वार इकाई हेतु लालढांग क्षेत्र के किसान सरदार जगमोहन सिंह सोढ़ी को हरिद्वार जिला इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष नितिन चौधरी, सरदार राजवीर सिंह, सरदार सत्येंद्र सिंह, महेश, स. गुरविंदर सिंह, गगन सिंह, बबल सिंह, अमरत सिंह, दारा सिंह, मनजीत सिंह, सुखदेव सिंह, सुंदर सिंह, शैलेंद्र पाठक, डिंपल शर्मा, फरीद खान, अनीस अहमद, नईम अहमद, अमरीक सिंह, जसविंदर सिंह, जसवीर सिंह, यादराम, शाकीर, आजम आदि शामिल रहे।

# सिद्धकुटी में लगा विशाल मेला, हजारों ने किया गंगा स्नान

**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** सिद्ध कुटी सिद्ध पीठ हरिद्वार जनपद की ग्राम पंचायत गैंडीखाता के अंतर्गत गंगा तट सिद्ध कुटी आश्रम के रूप में स्थित है। सिद्ध पीठ पर हर वर्ष गंगा अवतरण दिवस यानी गंगा दशहरा के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी गंगा दशहरा पर सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचने लगे। गंगा तट पर पहुँच कर बच्चों का मुंडन संस्कार कराया गया। मान्यता है कि गंगा दशहरा पर मुंडन कराने से बच्चों को रोग-दोष से मुक्ति मिलती है। श्रद्धालुओं ने बच्चों का मुंडन कराकर गंगा स्नान कर सिद्ध कुटी सिद्ध पीठ पर गुड़ की भेली, बताशे, प्रसाद चढ़ाया। मेले में गुड़, खिलौने और पूजा सामग्री, चाट पकोड़ी, जलेबी, कोल्ड ड्रिंक आदि की दुकानें खूब सजीं, जिन पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने खरीदारी कर मेले का भरपूर आनंद उठाया। आदि मेले में श्रद्धालुओं अपार भीड़ जुटी।

मेले में पहुंचे श्रद्धालु लोकेंद्र, सतपाल, राम सिंह, हरेंद्र, सतपाल सिंह आदि का कहना है सिद्ध कुटी पर गंगा दशहरा पर गंगा स्नान कर, सिद्ध पीठ पर प्रसाद चढ़ाकर देश में खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उनका कहना है उत्तराखंड उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं के बीच आस्था का प्रमुख केंद्र सिद्ध कुटी सिद्ध पीठ होने पर आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। सिद्ध कुटी पर बिजली, सड़क व पानी की व्यवस्था न होना बड़ी समस्या है। यदि इस सिद्ध पीठ पर बिजली, पानी, सड़क की व्यवस्था हो जाए, तो यह सिद्ध पीठ उत्तराखंड में पर्यटक स्थल बनकर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल होगा।

# बोक्सा जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में लगाया गया बहुउद्देशीय शिविर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 18 से 25 मई तक जनभागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोटद्वार तहसील के बोक्सा जनजाति बाहुल्य क्षेत्र शिवराजपुर राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।

छात्रावास अधीक्षक एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पंकज देवली ने बताया कि शिविर में बोक्सा जनजाति के दो लोगों को नए विद्युत कनेक्शन प्रदान किए गए। बाल विकास विभाग की योजनाओं के तहत एक गर्भवती महिला का पंजीकरण तथा एक लाभार्थी का नंदा गौरा योजना में पंजीकरण किया गया। इसके अलावा नए आधार कार्ड बनाए गए तथा तीन आधार कार्ड अपडेट किए गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 36

## बोक्सा जनजाति के लोगों को पहुंचाये गये लाभ

लोगों को दवाएं वितरित की गई। वहीं टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 40 लोगों की स्क्रीनिंग, 15 लोगों के एक्स-रे तथा 10 लोगों के थूक के नमूने लिए गए। उन्होंने बताया कि बोक्सा जनजाति बाहुल्य वार्डों शिवराजपुर, जसोधरपुर, हल्दूखाता, लक्ष्मणपुर एवं लूथापुर के पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर लिया गया है।

इस अवसर पर मौजूद नगर निगम मेयर शैलेन्द्र रावत ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनजातीय क्षेत्रों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य सरकारी सुविधाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

इस अवसर पर सहायक समाज कल्याण अधिकारी संजीव पाल, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के नोडल अधिकारी धर्मेंद्र पंवार, उद्योग विभाग से देवेंद्र रावत, लाभार्थी हरि सिंह, कैलाश सिंह, इंद्रमोहन, मंजू देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 31 को पौड़ी में होगा राज्य आंदोलनकारी सम्मेलन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा से जुड़े राज्य आंदोलनकारियों के एक वृहद सम्मेलन का आयोजन 31 मई को पौड़ी में किया जायेगा। सम्मेलन में आंदोलनकारी मंच देहरादून व उत्तराखंड आंदोलनकारी अधिवक्ता संघ से जुड़े आंदोलनकारी भी शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि सम्मेलन में आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण, 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और मुजफ्फरनगर कांड की पैरवी सहित आंदोलनकारियों से जुड़े अन्य मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किए जायेंगे।

# बस स्टैण्ड पर शिविर लगाया बुरांश का ठंडा शर्बत पिलाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत विकास परिषद शाखा कोटद्वार की ओर से स्थानीय बस स्टेशन पर शीतल शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राहगीरो को शीतल बुरांश शरबत पिलाया गया। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि परिषद अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करती है। कहा कि राहगीरों को शीतल शर्बत पिलाना पुण्य का कार्य होता है। उन्होने बताया कि परिषद इस तरह के कार्यक्रमों के अलावा भारत को जानो प्रतियोगिता, समूह गान प्रतियोगिता, बाल संस्कार शिविर, विकलांग शिविर, सरल कन्या विवाह और महापुरुषों की जयंती के उपलक्ष में गोष्ठियां आदि भी आयोजित करती है, जो भविष्य में भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र जखमोला, सचिव प्रदीप अग्रवाल और कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल के अतिरिक्त राकेश मित्तल, राकेश ऐरन विष्णु अग्रवाल, राधेश्याम शर्मा और गोपाल बसंल सहित परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# धूमधाम से मनाया गया बीईएल का स्थापना दिवस

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड का 38वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सिद्धबली मंदिर क्षेत्र में एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना भी की गई। कंपनी परिसर में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ बीईएल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। बीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने बीईएल की प्रगति में उनके अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका को अहम बताया। इस मौके पर कंपनी कर्मचारी रेखा बिष्ट और अनुसूया रावत को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक टीम के कलाकारों द्वारा दी गई हिमाचली, गढ़वाली, राजस्थानी, तेलुगु और नेपाली सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान आयोजित विद्यालयी समूह नृत्य प्रतियोगिता में जीआईसी दुगड्डा ने प्रथम, बलूनी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय और एंजेल्स पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, कंपनी की ओर से कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सिद्धबली मंदिर क्षेत्र में एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना कर उसका शुभारंभ भी किया गया। प्लांट का उद्घाटन निदेशक वित्त एवं एचआर मनोज जैन, निदेशक अन्य यूनिट दामोदर भट्ट एवं महाप्रबंधक अखिलेश त्रिपाठी की उपस्थिति में किया गया। बीईएल अधिकारियों ने बताया कि इसके माध्यम से अपशिष्ट जल को शुद्ध कर बागवानी, सफाई एवं अन्य उपयोगी कार्यों में इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर कंपनी के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# शादीशुदा महिला ने शादीशुदा युवक से की निकाह करने की मांग

## सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती शारीरिक संबंधों तक पहुंची

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सोशल मीडिया पर शुरू हुई एक दोस्ती अब दो परिवारों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। फेसबुक पर पनपा रिश्ता आखिरकार थाने तक पहुंच गया, जहां एक महिला ने शादीशुदा युवक के खिलाफ तहरीर देकर उससे निकाह कराने की मांग कर दी। इस घटना को लेकर ने नगर में चर्चाओं का बाजार और लोगों के बीच सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को लेकर बहस छिड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला हलवाईयान की एक महिला, जो तीन बच्चों की मां बताई जा रही है, स्थानीय थाने पहुंची और एक विवाहित युवक पर गंभीर आरोप लगाए। बताया जाता है कि युवक भी शादीशुदा है और उसका परिवार है। थाने में घंटों चली बातचीत के दौरान युवक ने निकाह करने से साफ इंकार कर दिया, जबकि महिला का दावा है कि दोनों पिछले करीब छह वर्षों से रिश्ते में थे। महिला का आरोप है कि युवक ने भरोसा दिलाकर संबंध बनाए और अब मामला सामने आने पर पीछे हट रहा है।

उधर, थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि फौजिया की तहरीर के आधार पर उसके प्रेमी फारूक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमे में फौजिया ने आरोप लगाया है कि फारूक शादी का झांसा देकर 6 वर्ष तक संबंध बनाता रहा। थानाध्यक्ष का कहना कि जांच कर आवयश्क कार्यवाही की जाएगी।

समाज के जिम्मेदार लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया पर शुरू होने वाली बातचीत कई बार भावनात्मक रिश्तों में बदल जाती है। शुरुआत में सामान्य लगने वाला संवाद धीरे-धीरे परिवारों के बीच दूरियां पैदा कर देता है। जब तक मामला छिपा रहता है, सब कुछ सामान्य दिखाई देता है, लेकिन सच सामने आने पर रिश्ते, भरोसा और पारिवारिक संतुलन प्रभावित होने लगता है।

यह घटना समाज के लिए एक गंभीर संदेश भी मानी जा रही है कि मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग संयम और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। वैवाहिक जीवन में विश्वास, संवाद और पारिवारिक मर्यादाएं ही मजबूत समाज की नींव होती हैं।











